शनिवार, 11 अप्रैल 2026

**मौसम**

तापमान 24 – 34
आर्द्रता 88%
सूर्योदय: 05:20 सूर्यास्त: 17:55

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



राज्य सेवारत कर्मचारियों, पेंशनधारकों के बीच महंगाई भत्ते में भेदभाव नहीं कर सकता: उच्चतम न्यायालय पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : दूसरों के रास्ते में गड्ढा खोदने वाले को कुआँ तैयार मिलता है।

# भाजपा के 'संकल्प पत्र' में घुसपैठ पर कड़ा रुख, महिलाओं और बेरोजगारों के लिए 3,000 रुपये मासिक सहायता का ऐलान

## बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के छह माह के अंदर यूसीसी लागू करने का वादा

### भाजपा ने वादों और घोषणाओं की लंबी सूची पेश की

### गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल चुनाव के लिए जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र

### सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण और महिला बटालियन का वादा




**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए कई बड़े वादों का ऐलान किया। 'भरोसा शपथ' नाम से जारी इस दस्तावेज में सत्ता में आने पर घुसपैठ के खिलाफ सख्त कदम उठाने, महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपये मासिक सहायता देने तथा 45 दिनों के भीतर सातवां वेतन आयोग लागू करने का भरोसा दिया गया है। शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर छह महीने के भीतर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। कोलकाता में संकल्प पत्र जारी करते हुए उन्होंने इसे 'सोनार बांग्ला' के निर्माण की रूपरेखा बताया और टीएमसी के शासन को राज्य के लिए निराशाजनक बताया।

संकल्प पत्र में विशेष रूप से महिला मतदाताओं को साधने के लिए लक्ष्मी भंडार योजना से अधिक राशि देने का वादा किया है।

इसके तहत हर महिला को 3,000 रुपये मासिक सहायता दी जाएगी। साथ ही सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण, केजी से पीजी तक लड़कियों को मुफ्त शिक्षा, महिला पुलिस बटालियन और सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने की घोषणा की गई है। महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एच-पीवी टीकाकरण और स्तन कैंसर की नियमित जांच भी शामिल है।

युवाओं के लिए भाजपा ने 3,000 रुपये मासिक भत्ता और पांच वर्षों में एक करोड़ रोजगार व स्वरोजगार के अवसर सृजित करने का वादा किया है। किसानों को 9,000 रुपये सालाना सहायता और एमएसपी में बढ़ोतरी का भी भरोसा दिया गया है।

#### घुसपैठ मुक्त बंगाल का वादा

शाह ने कहा कि भाजपा सरकार डिटेक्ट (पहचान करना), डिलीट (कार्रवाई करना) और डिपोर्ट (निर्वासित करना) की नीति के तहत अवैध घुसपैठ पर कार्रवाई करेगी। सीमाओं की सुरक्षा मजबूत करने और गो-तस्करी पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून लाने की बात भी कही गई। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति को अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने व पूजा-पद्धति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाया जाएगा।

#### उत्तर बंगाल के विकास पर जोर

उन्होंने उत्तर बंगाल में एम्स, आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थान स्थापित करने, चाय बागानों के पुनर्जीवन और जूट उद्योग के आधुनिकीकरण का वादा किया। साथ ही कहा कि पुराने चाय बागानों को पुनजीर्वित करने के साथ दार्जिलिंग चाय की ब्रांडिंग को मजबूत किया जाएगा। जूट उद्योग के आधुनिकीकरण का भी वादा किया।

#### सांस्कृतिक पहचान पर भी फोकस

भाजपा ने वंदे मातरम संग्रहालय की स्थापना, कुर्माली और राजबंशी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने तथा धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने का वादा किया है। साथ ही सिंडिकेट और कट मनी प्रथा खत्म करने तथा टीएमसी शासन पर श्वेत पत्र लाने की बात कही गई।

#### भय नहीं, भरोसे की बात

गृह मंत्री ने कहा कि आने वाले पांच वर्ष बंगाल के विकास के लिए निर्णायक होंगे और भाजपा कानून व्यवस्था, सुरक्षा, रोजगार और विकास के नए मॉडल के साथ चुनाव मैदान में है।

# सांप पर भरोसा किया जा सकता है लेकिन भाजपा पर नहीं : ममता

- मुख्यमंत्री का आरोप, जीत पक्की नहीं लगने पर भाजपा ने असम चुनाव में बाहर के लोगों को उतार दिया
- ममता ने कहा.. 'हटाए गए 90 लाख नाम में से 60 लाख हिंदुओं के और 30 लाख मुसलमानों के हैं'

पश्चिम मेदिनीपुर में रोड शो के दौरान समर्थकों का अभिवादन करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा असम में निवासियों के वोट के दम पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं थी इसलिए वह वहां के चुनाव के लिए बाहर से लोगों को लेकर आई। इस दिन, ममता ने उत्तर 24 परगना जिले के तेंतुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा सरकार के रहते देश में कोई भी एजेंसी तटस्थ नहीं है क्योंकि भाजपा ने सबको खरीद लिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को लेकर एक ट्रेन असम भेजी गई। ममता ने कहा कि सांप पर भरोसा किया जा सकता है लेकिन भाजपा पर नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य में भी बाहर से लोगों को लाने के लिए इसी तरीके का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है और इसी कारण अधिकारियों का तबादला किया गया। उन्होंने कहा कि लोग, पैसे और मादक पदार्थ लाये जा रहे हैं लेकिन हमारे कार्यकर्ता मुकाबला करेंगे और जीतेंगे। ममता ने कहा कि राज्य में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान के दौरान मतदाता सूची से 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। तृणमूल प्रमुख ने कहा कि एक अखबार की खबर के अनुसार, हटाए गए 90 लाख नाम में से 60 लाख हिंदुओं के और 30 लाख मुसलमानों के हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि असम में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) की प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए 19 लाख नामों में से 13 लाख हिंदुओं और छह लाख नाम मुसलमानों के थे। ममता ने मतदाताओं से उन्हें राज्य की सभी 294 सीट से तृणमूल उम्मीदवार मानने का आग्रह करते हुए कहा कि अगर आप मेरे नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की सरकार चाहते हैं, तो सभी सीट पर मैं उम्मीदवार हूं। तृणमूल प्रमुख ने दावा किया कि मतदाता सूची से अनुसूचित जाति के कई लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में भी मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मैं चिंतित नहीं हूं। मुझे लोगों पर भरोसा है। मतदाता सूची में बचे हुए सभी वोट हमें मिलेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो वह राज्य के लोगों के मांसाहार संबंधी विकल्पों पर पाबंदी लगा देगी। उन्होंने कहा कि यहां लोग अपनी पसंद के अनुसार खाते हैं लेकिन भाजपा शासित राज्यों में ऐसी स्थिति नहीं है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में मछली खाने की अनुमति नहीं है और इसी कारण उसे दूसरे राज्यों में भेजा जाता है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में राज्य के प्रवासी कामगार अत्याचार झेलते हैं।

# मथुरा में यमुना नदी में नौका पलटने से 10 लोगों की मौत, कई लापता

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में शुक्रवार को यमुना नदी में श्रद्धालुओं/पर्यटकों से भरी एक नौका के पलट जाने से 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लापता हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कि राहत-बचाव कार्य जारी है। मथुरा के जिलाधिकारी (डीएम) चंद्र प्रकाश सिंह ने इस हादसे में छह लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया था कि सभी पर्यटक पंजाब के रहने वाले थे। इसके बाद अधिकारियों ने कहा कि बचाव दल ने चार और लोगों के शव बरामद किये हैं, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। बताया जा रहा है कि नौका में दो दर्जन से अधिक पर्यटक सवार थे। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा, सेना की टीम लगभग 50 स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर बचाव अभियान चला रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक गुलाब नामक एक स्थानीय गोताखोर ने बताया कि अब तक लगभग 15 लोगों को नदी से बाहर निकाला जा चुका है। प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि तेज हवाओं के कारण नौका बीच नदी में तेजी से डगमगाने लगी और एक पुल से टकराकर वह पलट गई। जिलाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के समय नाव पर मौजूद लोगों की कुल संख्या का पता नहीं चल पाया है लेकिन उनके साथ गये लोगों का कहना है कि तीन-चार लोग अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश में पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा, सेना तथा स्थानीय गोताखोर आदि जुटे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि ये श्रद्धालु पंजाब के लुधियाना और अन्य शहरों से आए लगभग 150 तीर्थयात्रियों के एक बड़े समूह का हिस्सा थे।



### मथुरा में नाव दुर्घटना में जानमाल की हानि 'बेहद दुखद': राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में नौका दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

## भाजपा के 15 प्रमुख संकल्प

**1. महिलाओं को 3,000 रुपये मासिक आर्थिक सहायता।**

**2. युवाओं के लिए एक करोड़ रोजगार और 3,000 रुपये मासिक भत्ता।**

**3. सरकारी कर्मचारियों के लिए 45 दिनों में सातवां वेतन आयोग लागू।**

**4. अवैध घुसपैठ पर सख्त कार्रवाई।**

**5. छह माह में यूसीसी लागू और गो-तस्करी पर कानून।**

**6. महिलाओं को 33% आरक्षण, महिला बटालियन और मुफ्त बस यात्रा।**

**7. किसानों को 9,000 रुपये सालाना सहायता और एमएसपी में बढ़ोतरी।**

**8. वंदे मातरम संग्रहालय की स्थापना।**

**9. सिंडिकेट और कट मनी पर रोक।**

**10. टीएमसी शासन पर श्वेत पत्र।**

**11. कुर्माली और राजबंशी भाषाओं को संविधान की आठंवी अनुसूची में मान्यता।**

**12. मछुआरों का पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत पंजीकरण और बंगाल को मत्स्य निर्यात केंद्र बनाना।**

**13. चाय और जूट उद्योग का पुनर्जीवन।**

**14. आयुष्मान भारत सहित केंद्र की योजनाओं का विस्तार, उत्तर बंगाल में एम्स, आईआईटी, आईआईएम।**

**15. धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कानून।**

### यूपी में अंतिम मतदाता सूची जारी: एसआईआर के बाद 2 करोड़ मतदाताओं के नाम कटे, कुल वोटर 13.39 करोड़

**लखनऊ :** यूपी में 166 दिन तक चली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद (एसआईआर) प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस सूची के अनुसार प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। प्रदेश के कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष, जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। इसके पहले, प्रदेश में 27 अक्तूबर 2025 को फ्रीज मतदाता सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे। एसआईआर के बाद प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख मतदाता रह गए हैं। एसआईआर की प्रक्रिया में प्रदेश में दो करोड़ (2.05) करोड़ मतदाता घट गए हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 6 जनवरी को जारी की गई मसौदा मतदाता सूची के सापेक्ष अंतिम मतदाता सूची में कुल 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं वो मतदाता फॉर्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं। जारी की गई अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 6 करोड़, नौ लाख, नौ हजार 525 है।






# बंगाल का बेटा ही बनेगा 'मुख्यमंत्री' : शाह

❑ गृह मंत्री का दावा, बंगाल में हर नागरिक के लिए एक ही कानून होगा

❑ कहा... 'मछली और अंडे के सेवन पर रोक नहीं, यह तृणमूल द्वारा फैलायी गई अफवाह है'



केंद्रीय गृह मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले में भाजपा की पदयात्रा के दौरान रोड शो का नेतृत्व किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी व प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष सह अन्य उपस्थित रहे।

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में यदि भाजपा की जीत होती है तो उसके सत्ता में आने के छह महीने के भीतर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी और भाजपा 'बंगाल के बेटे' को मुख्यमंत्री बनाएगी। इस दिन, शाह ने विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का 'संकल्प पत्र' जारी करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने तृणमूल के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि भाजपा राज्य के लोगों की खान-पान की आदतों में दखल देगी। शाह ने कहा कि समान नागरिक संहिता की सिफारिश भाजपा की नहीं है। यह संविधान सभा की सिफारिश है। उन्होंने समान नागरिक कानून को आगे बढ़ाने का बचाव करते हुए दावा किया कि 'तुष्टीकरण की राजनीति' के कारण इसे दशकों तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण समान नागरिक संहिता इतने लंबे समय तक लागू नहीं हो सकी। जिन-जिन राज्यों में हमारी सरकार बनी है, वहां हमने इसे लागू किया है और बंगाल में भी ऐसा करेंगे। शाह ने कहा कि बंगाल में हर नागरिक के लिए एक ही कानून होगा। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण क्या है? क्या एक व्यक्ति को चार पत्नियां रखने की छूट देना तुष्टीकरण है या सबको देश के कानून का पालन करने के लिए कहना तुष्टीकरण है? भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने उस सवाल का भी जवाब देने की कोशिश की, जो लंबे समय से पश्चिम बंगाल में उनकी पार्टी से पूछा जाता रहा है कि मुख्यमंत्री पद के लिए उसका चेहरा कौन होगा। उन्होंने कहा कि हम कोई वंशवादी दल नहीं हैं, जिसमें बुआ के बाद भतीजा सत्ता संभाले। मैं बंगाल के लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि हमारा मुख्यमंत्री एक बंगाली होगा और बंगाल का निवासी होगा। शाह ने कहा कि भाजपा सरकार पश्चिम बंगाल की खान-पान संबंधी संस्कृति में दखल नहीं देगी। उन्होंने कहा कि मछली और अंडे के सेवन पर रोक नहीं लगेगी। यह तृणमूल द्वारा फैलायी गई अफवाह है।

### बाबरी बनाने वालों के साथ गठबंधन से बेहतर 20 साल विपक्ष में बैठना पसंद : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणापत्र जारी करने के दौरान तृणमूल कांग्रेस को छोड़ने वाले हुमायूं कबीर से जुड़े स्टिंग विवाद पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने दो टूक कहा कि भाजपा सत्ता के लिए किसी भी कीमत पर बाबरी मस्जिद बनाने वालों से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी पर भी तंज कसा और इशारा किया कि हुमायूं कबीर के वायरल ऑडियो क्लिप के पीछे सत्ताधारी पार्टी का ही हाथ बताया। जब अमित शाह से चुनाव में हुमायूं कबीर और भाजपा के बीच 'डील' के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि आप ममता की क्षमताओं से अंजान हैं, ममता बनर्जी ऐसे 2,000 वीडियो बना सकती हैं। उन्होंने हुमायूं कबीर की 'आम जनता उन्नयन पार्टी' के साथ किसी भी गठबंधन की संभावना को खारिज करते हुए कहा कि हुमायूं कबीर और भाजपा साउथ पोल और नॉर्थ पोल हैं। हमारा कभी मेल नहीं खा सकता है। हम बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने वाले के साथ गठबंधन करने के बजाय अगले 20 साल तक विपक्ष में बैठना पसंद करेंगे।

### बंगाल के लोग परेशान, लेकिन ममता की अपने भतीजे को अगला मुख्यमंत्री बनाने में ज्यादा रुचि : शाह

**देबरा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वह कथित बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बाढ़ और घुसपैठ से निपटने की बजाय अपने भतीजे को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाने में अधिक रुचि रखती हैं। कोलकाता में भाजपा का घोषणापत्र जारी करने के कुछ घंटों बाद पश्चिम मेदिनीपुर जिले के देबरा में एक रैली को संबोधित करते हुए, शाह ने बनर्जी और उनके भतीजे, तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधा और 2026 के विधानसभा चुनाव को उनके द्वारा वंशवादी राजनीति और भाजपा के रोजगार, कल्याण और सख्त कानून व्यवस्था के वादे के बीच की लड़ाई के रूप में पेश करने की कोशिश की। शाह ने किसी का नाम लिए बिना कहा, 'यहां के लोग परेशान हैं, लेकिन ममता बनर्जी को अपने भतीजे को अगला मुख्यमंत्री बनाने में ज्यादा दिलचस्पी है।' उन्होंने कहा कि जहां बनर्जी का एकमात्र उद्देश्य 'अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना' है, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बंगाल के युवाओं को रोजगार प्रदान करना चाहते हैं।

## राज्य में तृणमूल शासन में मछली उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मत्स्य पालन में राज्य के पिछड़ जाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दावे का खंडन करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान राज्य में मछली उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ममता उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में अपनी पार्टी (तृणमूल कांग्रेस) के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी बाबू ने कहा कि बिहार में बंगाल की तुलना में अधिक मछली का उत्पादन होता है और इसे अन्य राज्यों में बेचा जाता है। ऐसा होना ही है, क्योंकि बिहार में लोगों को मछली खाने की अनुमति नहीं है। ममता ने कहा कि तृणमूल शासन में राज्य में मछली उत्पादन 1.72 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 23.74 लाख मीट्रिक टन हो गया है। उन्होंने दावा किया कि राज्य मछली उत्पादन में अग्रणी है। ममता ने कहा कि खारे पानी में मछली उत्पादन 1.98 लाख मीट्रिक टन है। उन्होंने दावा किया कि मछुआरों की आय में भी वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में अन्य राज्यों से मछली का आयात 1.12 लाख मीट्रिक टन से घटकर 1.02 लाख मीट्रिक टन हो गया है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों को मछली का निर्यात आयात से 76,000 टन अधिक रहा। ममता ने कहा कि अन्य देशों को मछली का निर्यात 1.45 लाख मीट्रिक टन रहा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अंडे की 90 प्रतिशत आवश्यकता राज्य के भीतर ही पूरी हो जाती है।

### ममता ने मेदिनीपुर में किया रोड शो

**पश्चिम मेदिनीपुर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को पश्चिम मेदिनीपुर जिले में तृणमूल कांग्रेस के विधानसभा चुनाव उम्मीदवारों के समर्थन में एक भव्य रोड शो का नेतृत्व किया। ममता का रोड शो जिन सड़कों से गुजरा, वहां पार्टी के झंडे और गुब्बारे लगाए गए थे तथा बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे। तृणमूल सुप्रीमो ने मेदिनीपुर में कॉलेज ग्राउंड से भगवान जगन्नाथ मंदिर तक लगभग दो किलोमीटर की दूरी पैदल तय की। इस दौरान उन्होंने लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। ममता के साथ मेदिनीपुर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी सांसद जून मालिया और स्थानीय तृणमूल नेता एवं कार्यकर्ता थे।

## मंत्री शशि पांजा ने 4.06 करोड़ रुपये की चल संपत्ति घोषित की, वार्षिक आय में लगातार वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता की श्यामपुकुर विधानसभा सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहीं राज्य सरकार की मंत्री शशि पांजा ने अपने शपथपत्र में चार करोड़ रुपये से अधिक की चल संपत्ति घोषित की है और अपनी वार्षिक आय में लगातार वृद्धि दिखाई है। पेशे से चिकित्सक 63 वर्षीय मंत्री ने शपथपत्र में कहा कि वेतन, उनकी पेशेवर सेवाओं के लिए शुल्क और वित्तीय निवेश से होने वाला लाभ उनकी आय का स्रोत है। उन्होंने वित्त वर्ष 2020-21 में 14.01 लाख रुपये, 2021-22 में 14.36 लाख रुपये और वित्त वर्ष 2022-23 में 13.41 लाख रुपये की आय घोषित की। इसके बाद उनकी वार्षिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और यह 2023-24 में 24.10 लाख रुपये तथा 2024-25 में 29.22 लाख रुपये हो गई। शशि पांजा ने 2025-26 में 4.06 करोड़ रुपये की चल संपत्ति घोषित की है, जबकि इसी अवधि में उनके पति की चल संपत्ति 1.88 करोड़ रुपये है।

## मतदाता सूची फ्रीज करने का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

### सोमवार को होगी सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को फ्रीज करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। चुनाव आयोग के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 13 अप्रैल को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने शुक्रवार को इस मामले पर नई याचिका के साथ लंबित याचिकाओं पर भी विचार करने पर सहमति जताई। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ के समक्ष एक वकील ने मतदाता सूची को फ्रीज करने के फैसले के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया। वकील ने बताया कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ कई अपीलें अभी भी लंबित हैं, जबकि चुनाव आयोग ने नौ अप्रैल को ही सूची को फ्रीज कर दिया है। इस पर, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम 13 अप्रैल को याचिका पर विचार करेंगे। चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डी. एस. नायडू ने बताया कि सूची फ्रीज करने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल थी और उसके बाद किसी भी नए नाम पर विचार नहीं किया जाएगा। नायडू ने यह भी कहा कि वोट देने का अधिकार बना रहेगा और ये याचिकाकर्ता भी वैसे ही हैं, जैसे वे अन्य लोग जिनकी अपीलों को स्वीकार किया गया था।

### न्यायालय के आदेश पर दो नाम समय सीमा समाप्त होने के बाद मतदाता सूची में जोड़े गए

पश्चिम बंगाल में न्यायिक फैसले के बाद विचाराधीन 27 लाख मतदाताओं को सूची में जगह नहीं दी गई है और नाम जोड़ने की प्रक्रिया भी बंद कर दी गई है, लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दो नाम जोड़े गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने काम रोक दिया गया है। हालांकि, नाम हटाने के खिलाफ अपील सुनने के लिए प्रस्तावित 19 न्यायाधिकरण ने अब भी कार्य करना शुरू नहीं किया है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार तक न्यायाधिकरणों के समक्ष सुनवाई के लिए दो लाख से अधिक आवेदन ऑनलाइन दाखिल किए जा चुके थे। हालांकि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने इस बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। मतदाता सूची में जिन दो व्यक्तियों के नाम वापस जोड़े गए हैं, उनमें फरक्का से कांग्रेस उम्मीदवार महताब शेख और पूर्व विधायक मोत्तकिन आलम शामिल हैं, जिन्होंने नाम दोबारा सूची में दर्ज होने के बाद मानिकचक से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

## अमित शाह स्पष्ट करें, क्या शेख हसीना को बांग्लादेशी घुसपैठिया कहना चाहिए : अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी भाषणों में बार-बार घुसपैठ का मुद्दा उठाने के लिए शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और उनसे यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को घुसपैठिया कहा जाना चाहिए। अभिषेक ने पहलगाम और नयी दिल्ली में पिछले साल हुए आतंकवादी हमलों को नहीं रोक पाने की पृष्ठभूमि में गृह मंत्रालय की भूमिका पर सवाल भी उठाया। कोलकाता में एक संवाददाता सम्मेलन में अभिषेक ने शाह से यह स्पष्ट करने की मांग की कि क्या शेख हसीना को घुसपैठिया कहा जाना चाहिए, जिन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने शरण दी है।

घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उन्हें दूर-दराज के कोनों तक से ढूंढ निकालने के शाह के संकल्प का जिक्र करते हुए अभिषेक ने आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री बार-बार एक ही बात दोहरा रहे हैं और इस मुद्दे पर गलत जानकारी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर हम घुसपैठ की बात करें, तो बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की क्या स्थिति है, जो पिछले डेढ़ साल से भारत में रह रही हैं? क्या वह बांग्लादेशी घुसपैठिया हैं? अभिषेक ने कहा, अमित शाह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को रोकने में कैसे नाकाम रहे, जिसमें 26 भारतीय मारे गए? आतंकवादी दिल्ली में कैसे घुस आए और 10 लोगों को मार डाला? शाह इन लोगों को सुरक्षा देने में क्यों विफल रहे? कथित 'कट मनी' संस्कृति पर श्वेत पत्र लाने के शाह के वादे पर अभिषेक ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस पर उंगली उठाने वालों को याद रखना चाहिए कि उन्होंने अभी तक मनरेगा जैसी केंद्रीय परियोजनाओं के तहत बंगाल को भेजी गई धनराशि पर श्वेत पत्र प्रकाशित नहीं किया है। तृणमूल नेता ने कहा कि उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिये केंद्र से 14 मार्च 2024 को राज्य को जारी की गई धनराशि पर एक श्वेत पत्र जारी करने की मांग की थी, लेकिन उन्हें अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

## शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी में अभिनेत्री माफीन और विकास रॉय चौधरी भाजपा में शामिल



**कोलकाता, समाज्ञा :** सॉल्टलेक स्थित भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि राज्य में राजनीतिक परिवर्तन के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण व्यक्तित्व भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के स्थापना काल में जो लोग वाम मोर्चा के शासन के खिलाफ आंदोलन में शामिल थे, उनमें से कई आज पार्टी से अलग-थलग पड़ गए हैं। इसी संदर्भ में पूर्व बर्दवान जिले के अनुभवी राजनीतिक नेता विकास रॉय चौधरी भाजपा में शामिल हुए हैं। शुभेंदु अधिकारी ने उल्लेख किया कि विकास रॉय चौधरी लंबे समय से जनसंपर्क और संगठनात्मक कार्यों से जुड़े रहे हैं तथा पूर्व बर्दवान जिला परिषद के उप-सभाधिपति के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। आगामी चुनावों में मंगालकोट सहित बीरभूम-बर्दवान क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहने की उम्मीद है। इसके अलावा, टॉलीगंज की एक लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री माफिन चक्रवर्ती ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य के सांस्कृतिक क्षेत्र में भी भय का वातावरण बना हुआ है और इस स्थिति से मुक्ति के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भयमुक्त बंगाल, भरोसेमंद बंगाल के निर्माण के लक्ष्य के साथ पार्टी कार्य कर रही है और नए सदस्य इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## शांतिपूर्ण मतदान के लिए कोलकाता के थानों को सेक्टरों में बांटा गया, जनसंपर्क अभियान शुरू

**चुनाव से एक माह पहले सक्रिय हुआ पुलिस तंत्र, हर सेक्टर में पुलिस, केंद्रीय बल और सिविल अफसर तैनात**

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए कोलकाता पुलिस ने अभी से व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए शहर के सभी थानों को सेक्टरों में बांट दिया गया है और प्रत्येक सेक्टर में विशेष निगरानी टीम तैनात की जा रही है।




लालबाजार सूत्रों के अनुसार, सामान्यत: चुनाव से कुछ दिन पहले थानों का सेक्टर विभाजन किया जाता है, लेकिन इस बार चुनाव से करीब एक माह पहले ही यह प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। थाना क्षेत्र के आकार के अनुसार हर थाने को चार से पांच सेक्टरों में बांटा गया है।

प्रत्येक सेक्टर में एक पुलिस अधिकारी, एक केंद्रीय बल के अधिकारी और दो सिविल अधिकारी तैनात किए जा रहे हैं। पुलिस की ओर से सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) या उपनिरीक्षक (एसआई) स्तर के अधिकारी सेक्टर प्रभारी बनाए जा रहे हैं।

पुलिस मुख्यालय ने सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों का पूरा सर्वे करें। जरूरत पड़ने पर उन्हें पैदल भी इलाके का दौरा करना होगा। अधिकारियों को सेक्टर का नक्शा दिया जाएगा और इलाके की गलियों, संवेदनशील स्थलों तथा स्थानीय लोगों के बारे में पूरी जानकारी रखने को कहा गया है।

जनसंपर्क इस अभियान का मुख्य हिस्सा है। सेक्टर अधिकारियों को स्थानीय लोगों से मिलकर यह जानने का निर्देश दिया गया है कि क्या उन्हें मतदान को लेकर किसी तरह का डर, दबाव या परेशानी है।

साथ ही, क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्ग और चलने-फिरने में असमर्थ मतदाताओं की पहचान भी की जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर उनके लिए विशेष सहायता की व्यवस्था की जा सके।

पुलिस का कहना है कि इस बार लक्ष्य सिर्फ कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि लोगों के मन से डर दूर कर उन्हें निर्भय होकर मतदान के लिए प्रेरित करना भी है।

### चुनाव से पहले 81 इंस्पेक्टर और 68 सब-इंस्पेक्टर चुनाव ड्यूटी से हटाए गए

**कोलकाता, समाज्ञा**

विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने राज्य पुलिस में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। आयोग ने 81 पुलिस इंस्पेक्टर और 68 सब-इंस्पेक्टर को चुनाव ड्यूटी से हटा दिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि ये अधिकारी अब किसी भी तरह से चुनाव संबंधी कार्यों में शामिल नहीं रहेंगे। आयोग के निर्देश के अनुसार, संबंधित पुलिस अधीक्षकों ने इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि ये अधिकारी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करेंगे, इसके लिए उनसे लिखित आश्वासन लिया जाएगा। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि हटाए गए 81 इंस्पेक्टरों को नई जिम्मेदारियां भी सौंप दी गई हैं और उन्हें शुक्रवार की शाम 5 बजे तक अपने नए पद पर कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है। जिन जिलों के इंस्पेक्टरों को हटाया गया है, उनमें कूचबिहार, रायगंज, इस्लामपुर, अलीपुरद्वार, दक्षिण दिनाजपुर, सिलीगुड़ी, डायमंड हार्बर, बारुईपुर, बारासात, बसिरहाट, बनगांव, बैरकपुर, विधाननगर, कृष्णनगर, रानाघाट, आसनसोल-दुर्गापुर, पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व मेदिनीपुर, पुरुलिया, बीरभूम, जलपाईगुड़ी, मालदा और बांकुड़ा शामिल हैं।

## एआईएमआईएम ने हुमायूं कबीर की पार्टी से तोड़ा गठबंधन, अब अकेले लड़ेगी चुनाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की राजनीति में चुनाव से ठीक पहले हलचल तेज हो गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने बड़ा फैसला लेते हुए हुमायूं कबीर की पार्टी के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया है। अब पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह बंगाल में किसी भी दल के साथ मिलकर नहीं, बल्कि अकेले चुनाव लड़ेगी। एआईएमआईएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए साफ कहा कि हुमायूं कबीर के खुलासों से यह जाहिर हो गया है कि बंगाल के मुसलमान कितने कमजोर हैं। एआईएमआईएम ऐसे किसी भी बयान से खुद को नहीं जोड़ सकती, जिससे मुसलमानों की गरिमा पर सवाल उठे। आज की तारीख में, एआईएमआईएम ने कबीर की पार्टी के साथ अपना गठबंधन तोड़ लिया है। बंगाल के मुसलमान सबसे गरीब, उपेक्षित और शोषित समुदायों में से एक हैं। दशकों तक धर्मनिरपेक्ष शासन रहने के बावजूद, उनके लिए कुछ भी नहीं किया गया है। किसी भी राज्य में चुनाव लड़ने के पीछे एआईएमआईएम की नीति यह है कि हाशिए पर पड़े समुदायों की अपनी एक स्वतंत्र राजनीतिक आवाज हो। हम बंगाल चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेंगे और आगे किसी भी पार्टी के साथ हमारा कोई गठबंधन नहीं होगा।

### हुमायूं कबीर ने बताया ममता सरकार की साजिश, कहा... 'हाई कोर्ट में दूंगा जवाब'



विधानसभा चुनाव की आहट के बीच राज्य का सियासी पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। हाल ही में, तृणमूल कांग्रेस की ओर से जारी किए गए एक कथित स्टिंग वीडियो ने बंगाल की राजनीति में भूचाल ला दिया है। इस वीडियो में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के प्रमुख और टीएमसी के पूर्व विधायक हुमायूं कबीर को भाजपा के साथ करोड़ों की डील करते हुए दिखाने का दावा किया गया है। अब इस पर हुमायूं कबीर ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह मेरे खिलाफ ममता बनर्जी और उनकी पार्टी की साजिश है। हुमायूं कबीर ने कहा कि यह वीडियो पूरी तरह फर्जी और बनावटी है। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डीपफेक तकनीक का सहारा लेकर उनके चेहरे और आवाज का गलत इस्तेमाल किया है। कबीर ने भावुक होते हुए कहा कि मैं मर जाऊंगा लेकिन कभी भाजपा के साथ नहीं जाऊंगा। टीएमसी मेरी बढ़ती लोकप्रियता से डर गई है, इसलिए वे ओछी राजनीति पर उतर आए हैं। यह वीडियो पूरी तरह से एडिटेड है और मैं इसे साबित करने के लिए हाई कोर्ट जाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि वे अभिषेक बनर्जी और टीएमसी के खिलाफ 2,000 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दर्ज करेंगे। फिलहाल, हुमायूं कबीर ने साफ कर दिया है कि वे झुकने वाले नहीं हैं और इस 'साजिश' का जवाब अदालत में देंगे। दूसरी ओर, चुनाव आयोग ने भी संकेत दिए हैं कि यदि औपचारिक शिकायत मिलती है, तो वे इस मामले की पुलिस जांच के आदेश दे सकते हैं।

### निर्वाचन आयोग ने कृष्णानगर उत्तर से तृणमूल उम्मीदवार का नामांकन किया खारिज

**❑ सोमनाथ दत्ता अब लड़ेंगे इस सीट से चुनाव**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस को झटका लगा है। कृष्णनगर उत्तर विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार अभिनव भट्टाचार्य का नामांकन कानूनी दिक्कतों की वजह से रद्द कर दिया गया। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, रिटर्निंग ऑफिसर ने राज्य सरकार के साथ बिजनेस एग्रीमेंट से जुड़ी दिक्कतों की वजह से रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट के सेक्शन 9ए के तहत उनका नामांकन रद्द कर दिया गया है। इलेक्शन रूल्स के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति सीधे तौर पर किसी सरकारी काम में शामिल है या सरकार के साथ उसके बिजनेस इंटरेस्ट हैं, तो वह इलेक्शन नहीं लड़ सकता। कृष्णनगर उत्तर सीट के तृणमूल कैंडिडेट के मामले में, कमीशन का ऑब्जर्वेशन है कि सरकारी काम या सप्लाई में शामिल रहते हुए नॉमिनेशन फाइल करना रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट के खिलाफ है। ध्यान देने वाली बात यह है कि अगर रूलिंग पार्टी का कोई कैंडिडेट सरकार के साथ किसी भी तरह के बिजनेस ट्रांज़ेक्शन में शामिल है, या सरकारी काम करता है, तो सेक्शन 9ए के तहत उसकी कैंडिडेसी कैंसिल हो सकती है। ऐसी सिचुएशन आ सकती है, इसे ध्यान में रखते हुए तृणमूल कांग्रेस ने पहले से ही एक अल्टरनेटिव कैंडिडेट तैयार कर रखा था। उस सीट पर टीएमसी की तरफ से एक अल्टरनेटिव कैंडिडेट का नॉमिनेशन पेपर जमा किया गया था। उनका नाम सोमनाथ दत्ता है। पता चला है कि वह कृष्णानगर उत्तर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

# एसएलएसटी संगठन को धरना-प्रदर्शन की अनुमति, हाई कोर्ट ने शर्तों के साथ दी मंजूरी

❑ **11 और 12 अप्रैल को सेंट्रल पार्क के सामने प्रदर्शन, 300 लोगों की होगी सीमा**

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एसएलएसटी संगठन को सशर्त धरना-प्रदर्शन की अनुमति दे दी है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने यह आदेश दिया। अदालत के निर्देश के अनुसार, एसएलएसटी संगठन 11 और 12 अप्रैल को बिधाननगर सेंट्रल पार्क के सामने धरना-प्रदर्शन कर सकेगा। प्रदर्शन का समय दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। अदालत ने साफ किया है कि प्रदर्शन के दौरान अधिकतम 300 लोग ही शामिल हो सकेंगे। साथ ही, सड़क पर यातायात किसी भी हाल में बाधित नहीं होना चाहिए। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का पूरी तरह पालन करना होगा। प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी बिधाननगर पुलिस के पास रहेगी। हाई कोर्ट ने संगठन को यह भी निर्देश दिया है कि धरना शुरू होने से पहले अपने पांच प्रतिनिधियों के नाम और मोबाइल नंबर जमा कराने होंगे। इसके लिए शुक्रवार रात 8 बजे तक की समय-सीमा तय की गई है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि प्रदर्शन के दौरान यदि कोई अप्रिय घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी संगठन के नामित पांच प्रतिनिधियों पर होगी। इस आदेश को संगठन के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से वे अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की अनुमति मांग रहे थे।

### हाजरा मोड़ पर सभा की अनुमति, हाई कोर्ट ने संघर्षशील संयुक्त मंच को दी सशर्त मंजूरी

❑ **12 अप्रैल को दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक होगी सभा, रैली की इजाजत नहीं**

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संघर्षशील संयुक्त मंच को हाजरा मोड़ पर सभा करने की सशर्त अनुमति दे दी है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने यह आदेश सुनाया। अदालत के निर्देश के अनुसार, संयुक्त मंच 12 अप्रैल को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक सभा कर सकेगा। हालांकि, कोर्ट ने रैली निकालने की अनुमति नहीं दी है। अदालत ने साफ किया है कि सभा में अधिकतम 1,000 लोग ही शामिल हो सकेंगे। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कार्यक्रम से यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। मामले की सुनवाई के दौरान बताया गया कि संयुक्त मंच ने पहले पुलिस से सभा और रैली दोनों की अनुमति मांगी थी। संगठन की योजना हाजरा रोड पर सभा करने के बाद हरीश मुखर्जी रोड होते हुए एसपी मुखर्जी रोड तक मार्च निकालने की थी। लेकिन कोलकाता पुलिस ने रैली की अनुमति नहीं दी और वैकल्पिक मार्ग सुझाया। संयुक्त मंच ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर हाई कोर्ट का रुख किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने केवल सभा की अनुमति दी और पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। चुनाव से पहले शहर में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों के बीच इस आदेश को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## ईडी का शिकंजा: तृणमूल के दो दिग्गज उम्मीदवारों रथीन घोष और सुजीत बसु को फिर समन



**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के दो प्रमुख उम्मीदवारों पर शिकंजा कस दिया है। बिधाननगर से तृणमूल उम्मीदवार सुजीत बसु और मध्यमग्राम से उम्मीदवार रथीन घोष को एक बार फिर सीजीओ कॉम्प्लेक्स तलब किया गया है। दोनों नेताओं को शनिवार को पेश होने का निर्देश दिया गया है। सुजीत बसु को यह तीसरी बार, जबकि रथीन घोष को दूसरी बार नोटिस भेजा गया है।

सूत्रों के अनुसार, सुजीत बसु को शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले भी उन्हें दो बार समन भेजा जा चुका है। फिलहाल चुनाव प्रचार में व्यस्त सुजीत बसु ने ईडी को पत्र लिखकर कहा है कि वह चुनावी जिम्मेदारियों में व्यस्त हैं और अभी उपस्थित नहीं हो सकते। उन्होंने मई में, चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद, पेश होने की इच्छा जताई है। अपने पत्र में उन्होंने ईडी पर चुनाव के समय राजनीतिक दबाव बनाने का आरोप भी लगाया है।

हालांकि, ईडी ने उनके जवाब से संतुष्ट न होकर तीसरी बार समन जारी किया है। सूत्रों का कहना है कि यदि इस बार भी सुजीत बसु पेश नहीं होते हैं, तो एजेंसी उनके खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठा सकती है।

वहीं, मध्यमग्राम से तृणमूल उम्मीदवार रथीन घोष को जमीन कब्जा मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उन्हें पहली बार बीते बुधवार को तलब किया गया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। अब ईडी ने उन्हें दोबारा शनिवार को सीजीओ कॉम्प्लेक्स आने का निर्देश दिया है।

चुनाव से पहले ईडी की इस सक्रियता ने राज्य की सियासत को और गरमा दिया है। विपक्ष इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई बता रहा है, जबकि तृणमूल इसे चुनावी माहौल प्रभावित करने की कोशिश करार दे रही है।

### स्विगी ने आईआईटी खड़गपुर की छात्र उद्यमी को वुमेन लीडर्स ऑफ टुमारो में किया शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्विगी लिमिटेड ने आईआईटी खड़गपुर की छात्रा एवं युवा उद्यमी ऋषिका माहेश्वरी को वुमेन लीडर्स ऑफ टुमारो सूची में शामिल कर सम्मानित किया है। ऋषिका देशभर की 13 युवा महिला उपलब्धिधारकों में शामिल हैं, जिन्हें वास्तविक समस्याओं के समाधान और नवाचार के लिए चुना गया है। छात्रों की लंबी कतारों और कैंटीन में अनिश्चित मांग जैसी चुनौतियों को देखते हुए ऋषिका ने 'रैपिड रसोई' नामक कैंपस-आधारित फूड-टेक प्लेटफॉर्म की स्थापना की। यह प्लेटफॉर्म पारंपरिक कॉलेज कैंटीनों के डिजिटलीकरण पर केंद्रित है। उन्होंने विक्रेताओं को जोड़ने, ऑर्डरिंग सिस्टम विकसित करने और हॉस्टल व कक्षाओं तक डिलीवरी के लिए 20 से अधिक राइडर्स की टीम तैयार की।

## राशन घोटाले मामले में ईडी ने राज्य के 12 ठिकानों पर की छापेमारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में राशन वितरण में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रवर्तन निदेशालय एक बार फिर सक्रिय हो गया है। शुक्रवार की सुबह से राज्य के कई जिलों में एक साथ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कोलकाता, हावड़ा, बनगांव और मुर्शिदाबाद सहित राज्य के कुल 12 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। जांच एजेंसी राशन वितरण की प्रक्रिया और उससे जुड़े वित्तीय लेनदेन की पड़ताल कर रही है। ये छापेमारी कोलकाता में बसंत कुमार रोड स्थित एक व्यवसायी के आवास, पोद्दार कोर्ट और मिंटो पार्क इलाके में भी कई स्थानों, रानीगंज में अजय कोयाल नामक व्यवसायी के घर पर हुई।

## रेलवे अधिकारियों ने सोदपुर गौशाला का किया भ्रमण, गोपूजा में लिया हिस्सा

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी राम बहादुर राय ने अपनी टीम के साथ सोदपुर गौशाला का भ्रमण किया और गोपूजा के विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर सियालदह डिवीजन के सुरक्षा अधिकारी सुजीत कुमार सिन्हा, उप सुरक्षा अधिकारी संजीव कुमार सिंह सहित अन्य कर्मियों ने मंत्रोच्चार के बीच गोमाता का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी की सोदपुर गौशाला के सचिव गौरीशंकर कालुका ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। श्री राय ने गौशाला का निरीक्षण कर वहां की स्वच्छता और व्यवस्थाओं की सराहना की। सचिव कालुका ने



बताया कि वर्ष 1885 में स्थापित यह गौशाला पिंजरापोल की पहली इकाई है, जहां वर्तमान में लगभग 2000 गौवंशों की सेवा की जा रही है। यहां मिल्क प्लांट, यज्ञशाला, गोदान केंद्र, मंदिर, गोकाष्ठ व जैविक खाद परियोजनाएं संचालित हैं, जो इसे एक प्रमुख केंद्र बनाती हैं। भ्रमण के दौरान गोसंवर्धन कार्यों से प्रभावित होकर अधिकारियों ने प्रशंसा की। इस मौके पर टीम के एक सदस्य ने 51 हजार रुपये का चेक भेंट कर गोसेवा में योगदान दिया। कार्यक्रम में अनुराग गुप्ता, डॉ. अरुण उपाध्याय और राघवेन्द्र प्रसाद दूबे भी उपस्थित रहे।



हावड़ा शिवपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रुद्रनील घोष चुनाव प्रचार के दौरान युवकों के साथ सेल्फी लेते दिखे

## फाइनेंस कंपनी के नाम पर ठगी का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

❑ **फर्जी लोन स्वीकृति पत्र बनाकर लोगों से वसूली, 32 मोबाइल, सिम कार्ड और दस्तावेज जब्त**



**कोलकाता :** पार्क स्ट्रीट थाना पुलिस ने फर्जी लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गिरोह के सदस्य खुद को नामी फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताकर फर्जी लोन स्वीकृति दस्तावेज तैयार करते थे और लोगों से पैसे ऐंठते थे।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में 8 अप्रैल 2026 को पार्क स्ट्रीट थाने में मामला संख्या 76 दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता मौ मंडल ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन्हें लोन दिलाने का झांसा देकर 18,300 रुपये की ठगी की।

जांच में सामने आया कि आरोपी आपराधिक साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार कर कई लोगों को निशाना बना रहे थे। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 32 कीपैड मोबाइल फोन, कई सिम कार्ड, अटेंडेंस रजिस्टर और स्क्रिप्ट डायरी जब्त की हैं। सभी जब्त सामान थाने के मालखाने में जमा कर दिए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में देबांशु सरदार, एसके सज्जाद, बसुदेव साव, सोमनाथ स्वर्णकार, सलमान मलिक और विकास मंडल शामिल हैं।

सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस दो आरोपियों की पुलिस हिरासत और बाकी चार की न्यायिक हिरासत की मांग करेगी। मामले की जांच एसआई सेवजी भक्त कर रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि गिरोह ने और भी लोगों को ठगी का शिकार बनाया हो सकता है।

## ईस्ट सेंट्रल रेलवे में विकास कार्य के चलते ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा**

ईस्ट सेंट्रल रेलवे के दानापुर डिवीजन में विभिन्न स्टेशनों पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग कार्य के तहत प्री नॉन-इंटरलॉकिंग/नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किए जा रहे हैं। इस कारण 11 अप्रैल 2026 तक कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। 13332 पटना-धनबाद एक्सप्रेस (11 अप्रैल) को बख्तियारपुर-बिहार शरीफ-शेखपुरा-किउल मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा, जिससे यह बरह, मोकामा, हथीदह और बरहिया स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। वहीं, 63209 देवघर-पटना मेमू भी लखीसराय-शेखपुरा-बिहार शरीफ-बख्तियारपुर मार्ग से चलाई जाएगी और कई स्टेशनों पर ठहराव नहीं होगा। इसके अलावा, 18420 जयनगर-पुरी एक्सप्रेस को 3 घंटे तथा 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल को 2 घंटे पुनर्निर्धारित किया गया है। साथ ही, 13208 पटना-जसीडीह एक्सप्रेस, 63210 पटना-देवघर मेमू, 22843 बिलासपुर-बक्सर सुपरफास्ट, 13208 पटना-जसीडीह एक्सप्रेस को मार्ग में 60 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा और 22198 वीजीएल झांसी-कोलकाता एक्सप्रेस को 125 मिनट तक विलंबित किया जाएगा।

## जोड़ासांको में नाकाबंदी के दौरान 4.03 लाख रुपये जब्त, युवक हिरासत में

❑ **व्यापार की रकम बताई, मौके पर दस्तावेज नहीं दिखा सका; रकम कोषागार में जमा**

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चल रही सघन निगरानी के बीच फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने गुरुवार को जोड़ासांको विधानसभा क्षेत्र में एक युवक से 4.03 लाख रुपये नकद जब्त किए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 10 अप्रैल को दोपहर करीब 12:30 बजे एम.डी. रोड और स्ट्रैंड रोड मोड़ के पास नाकाबंदी के दौरान फ्लाइंग स्क्वॉड टीम-10 ने एक संदिग्ध युवक को रोका। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर सूरज कुमार कर रहे थे। उनके साथ जीएसटी और सेक्टर ई-1 के एएसआई समर



घोष भी मौजूद थे। तलाशी के दौरान युवक के पास से 4 लाख 3 हजार 500 रुपये नकद बरामद हुए। हिरासत में लिए गए युवक की पहचान प्रेम कुमार दास (26) के रूप में हुई है। प्रेम कुमार दास ने पूछताछ में दावा किया कि यह रकम उसके कारोबार की वसूली है, लेकिन मौके पर वह इसके समर्थन में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसके बाद फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने जब्ती सूची तैयार कर पूरी राशि अपने कब्जे में ले ली। जब्त की गई रकम को आगे की कार्रवाई के लिए कोलकाता कलेक्टरेट ट्रेजरी में जमा करा दिया गया है। चुनाव के दौरान अवैध नकदी के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी बढ़ा रहा है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### राजस्थान में टैफे जेफार्म का उद्घाटन, किसानों के सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुनिया की प्रमुख ट्रैक्टर निर्माता कंपनी ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टैफे) ने राजस्थान के भवानी मंडी में अपने अत्याधुनिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र टैफे जेफार्म का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देते हुए किसानों की उत्पादकता और आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम में टैफे के सीईओ संदीप सिन्हा ने स्थानीय अधिकारियों, डीलर पार्टनरों और किसानों की उपस्थिति में केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रुप प्रेसिडेंट टी.आर. केशवन ने भी संबोधित किया। नव स्थापित केंद्र में ग्राहक अनुभव केंद्र, उत्पाद प्रशिक्षण केंद्र और किसान संपर्क केंद्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जहां किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन और मशीनीकरण से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। टैफे की वाइस चेयरमैन डॉ. लक्ष्मी वेणु ने कहा कि यह केंद्र किसानों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और नवीन तकनीकों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।

## कोलकाता में 20 किलो से अधिक गांजा के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

❑ **स्ट्रैंड रोड पर एंटी नारकोटिक्स सेल की कार्रवाई, कानूनी प्रक्रिया जारी**



**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस एंटी नारकोटिक्स सेल ने मंगलवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 किलोग्राम से अधिक संदिग्ध गांजा के साथ एक महिला समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई स्ट्रैंड रोड स्थित ईडन पुलिस कैंप के मुख्य द्वार के पास पूर्वी फुटपाथ पर की गई। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान तीनों संदिग्धों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से करीब 20 किलो से अधिक वाणिज्यिक मात्रा का संदिग्ध गांजा बरामद हुआ। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान जयदेब पाइक (38), राजू सरदार (32) और उषा सरदार (36) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान तीनों बरामद मादक पदार्थ के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई। फिलहाल तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी की औपचारिक कार्रवाई जारी है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था। प्राथमिक जांच में किसी बड़े तस्करी नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

## पूर्व रेलवे का 15 अप्रैल से शुरू होगा 'स्वच्छता अभियान', माहभर चलेगा विशेष जागरूकता कार्यक्रम

### 15 अप्रैल से 14 मई तक चारों डिवीजनों में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पोइला बैसाख की उत्सवधर्मिता और जमाई षष्ठी के आगमन के बीच पूर्व रेलवे ने यात्रियों को स्वच्छ और बेहतर यात्रा अनुभव देने के उद्देश्य से 15 अप्रैल से 14 मई 2026 तक माहभर चलने वाले 'स्वच्छता जागरूकता अभियान' की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने कहा, हमारा उद्देश्य स्वच्छता को यात्री अनुभव का अभिन्न हिस्सा बनाना है, ताकि हर यात्री को यात्रा के दौरान गर्व और सुविधा का अनुभव हो।

यह अभियान रेलवे कॉलोनियों, स्कूलों, कार्यालयों, अस्पतालों, हेल्थ यूनिट्स, प्रमुख स्टेशनों और रेलवे ट्रैक क्षेत्रों में चलाया जाएगा। इसमें जनसंपर्क विभाग, पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग तथा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की सक्रिय भागीदारी रहेगी। अभियान के तहत पब्लिक अनाउंसमेंट, पोस्टर, जनसंपर्क संवाद, नुक्कड़ नाटक, डोर-टू-डोर जागरूकता, स्टेशन आधारित अभियान और रील्स व शॉर्ट वीडियो जैसे आधुनिक माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। अभियान आसनसोल डिवीजन के दुर्गापुर, अंडाल, रानीगंज, आसनसोल, मधुपुर और जसीडीह; हावड़ा डिवीजन के हावड़ा, शेवड़ाफुली, बंडेल, वर्दवान, कटवा, रामपुरहाट, बोलपुर शांतिनिकेतन और आजीमगंज; सियालदह डिवीजन के सियालदह, दमदम जंक्शन, बारासात, बैरकपुर, नैहाटी, दक्षिणेश्वर, पार्क सर्कस, कोमागाटा मारू बजबज और बालीगंज; मालदह डिवीजन के मालदह टाउन, साहिबगंज और भागलपुर तथा लिलुआ व बेलूर क्षेत्रों में चलाया जाएगा।

कार्यक्रम के तहत साप्ताहिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। पहले सप्ताह में स्लोगन लेखन, दूसरे में पेंटिंग व पोस्टर, तीसरे में कार्टून और चौथे सप्ताह में रील्स व शॉर्ट वीडियो प्रतियोगिता होगी। चयनित प्रविष्टियों को राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। ईस्टर्न रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्टेट सेक्रेटरी शिबराम माझी ने कहा कि छुट्टियों के दौरान बढ़ती यात्रियों की संख्या को देखते हुए यह अभियान स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करेगा और यात्रा को अधिक सुरक्षित व स्वच्छ बनाएगा।

## आग्नेयास्त्र के साथ आईएसएफ कार्यकर्ता गिरफ्तार




**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में पुलिस ने आग्नेयास्त्र के साथ एक आईएसएफ कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है। यह घटना गुरुवार की देर रात भांगर इलाके के उत्तर काशीपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर खालपाड़ा में हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का नाम हबीबुर रहमान मोल्ला है, जो उसी इलाके का निवासी है। उसके पास से तीन पाइपगन और दो राउंड गोलियां बरामद की गई हैं। जानकारी के मुताबिक, हबीबुर काफी समय से विभिन्न इलाकों में अवैध हथियारों की आपूर्ति कर रहा था। पुलिस को इस संबंध में गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद उसके घर पर नजर रखी जा रही थी। गुरुवार देर रात पुलिस ने छापेमारी कर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। मामले की जांच जारी है।

## जीतो कोलकाता एवं सकल जैन समाज ने मनाया नवकार महामंत्र दिवस

❑ **महानगर में चार स्थानों पर एक साथ गूंजा नवकार मंत्र का जाप**

**कोलकाता :** जीतो कोलकाता एवं सकल जैन समाज की ओर से नवकार महामंत्र दिवस पर गुरुवार, 9 अप्रैल को सुबह 8 बजे से महानगर के चार प्रमुख स्थानों पर नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। इस आयोजन में भारत सहित 108 देशों के लाखों लोगों ने भाग लिया, जबकि 100 से अधिक अनुष्ठान और 6000 से ज्यादा देरासर/उपाश्रय/स्थानकों पर इसका सीधा प्रसारण हुआ। यह आयोजन का दूसरा वर्ष रहा। साउथ हावड़ा के हावड़ा मिल्स क्लब हाउस, हावड़ा जूट मिल्स परिसर, फोरशोर रोड, (विवेक विहार), नॉर्थ हावड़ा के श्याम गार्डन, 20/1 सालकिया स्कूल रोड, नॉर्थ कोलकाता के डिविनिटी बैंक्वेट, 241 गोलाघाटा रोड, श्रीभूमि, लेक टाउन तथा साउथ कोलकाता के




साउथ श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, तेरापंथ भवन 9 ए, पद्मपुकुर लेन में कार्यक्रम आयोजित हुए। तेरापंथ भवन में सुबह 8:40 बजे जाप प्रारंभ हुआ, जहां जीतो लेडीज विंग की सुनीता सेठिया, सुशीला पुगलिया, अनीता गंगवाल, कोमल मेहता, निशा जैन, अंशु सेठिया और मीनल दोषी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जीतो कोलकाता के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन ने पदाधिकारियों मंत्री, ट्रस्टी, कोषाध्यक्ष व सदस्यों का स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि कैसे नवकार मंत्र जैन एकता में सहायक हुआ है और पूरे विश्व में जैन समाज की अच्छी छवि बनी है। बंगाल में चुनाव के कारण आयोजन चार स्थानों पर किया गया। जीतो एपेक्स लेडीज विंग की चेयरपर्सन शीतल दुगड़ ने इसे विश्व शांति का माध्यम बताया। विनोद दुगड़ ने उत्साह की सराहना करते हुए पिछले वर्ष नेताजी स्टेडियम में हुए आयोजन को याद किया। विनोद चोरड़िया ने जैन एकता पर जोर दिया। चौरंगी मंदिर के ट्रस्टी महेंद्र पाटनी ने कहा कि यह उच्चतम गुणों की वंदना है। चंद्रेश मेघानी ने सत्य, अहिंसा और क्षमा को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उनके साथ दीपक गठानी, और अशोक तुर्खिया जैन भी उपस्थित थे। कल्पना बैद ने जैन मुनियों व साध्वियों का आभार जताया। कीर्ति सेठ ने आदर्श मुनि जी महाराज का परिचय दिया। डॉ. आदर्श मुनि जी महाराज ने कहा कि नवकार मंत्र पूरे जैन समाज को एक सूत्र में जोड़ने की क्षमता रखता है और उनके द्वारा मंगल पाठ हुआ। इस कार्यक्रम में साध्वी गुरु निवृत्ति जी, परमेश्वरी जी व डॉ आदर्श मुनि जी महाराज, मनी मुनी जी का सान्निध्य मिला। डॉ आदर्श मुनि जी महाराज द्वारा मंगल पाठ वचन हुआ। समारोह में भीखमचंद पुगलिया, संदीप गंगवाल, संतोष जैन, प्रमोद दुगड़, दिलेश पटेल, दिलेश भिमाणी, अतुल दोषी, केतन दोषी, भरत देसाई, केतन कामदार, उमेश दामाणी, किरीट महेता, जीतेन्द्र कामदार, मनोज धुलिया, पुलिन पारेख, मेहूल मेधाणी, सोरभ जैन, चिराग शाह, समीर मालाणी, जशविर शेठ, हर्षद अजमेरा, पफुल मोदी, रमणीकभाई खारा, मनीष दोषी,विशाल खारा हेमल दफतरी के अलावा अनेक लोग शामिल थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन कमल जैन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेंद्र जैन, सुमित कोठारी, रुशभ नाटा, आदित्य सावनसुखा, चंद्रेश मेधाणी, बुधमलजी लुनिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं, समस्त जैन समाज एवं जीतो के सदस्यों का महत्वपूर्ण यो-गदान रहा।

## सड़क हादसों पर डॉक्टर की चेतावनी, छोटी लापरवाही बन रही बड़ी वजह

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारत में सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई हैं, जो हर वर्ष बड़ी संख्या में चोट, विकलांगता और मृत्यु का कारण बनती हैं। जागरूकता बढ़ने के बावजूद अस्पतालों में दुर्घटना से जुड़े मामलों में कमी नहीं आ रही है। फोर्टिस हॉस्पिटल, कोलकाता के सीनियर कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अनिंदांसु बसु ने कहा, एक ऑर्थोपेडिक सर्जन के रूप में मैंने सड़क दुर्घटनाओं के विनाशकारी परिणामों को करीब से देखा है। इमरजेंसी रूम में हर दिन फ्रैक्चर से लेकर जानलेवा चोटों तक के मामले आते हैं, जो अक्सर स्थायी विकलांगता या मृत्यु का कारण बनते हैं।

वैश्विक आंकड़ों के अनुसार, हर साल लगभग 13.5 लाख लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है, जबकि कई लोग गंभीर चोटों और मानसिक आघात का सामना करते हैं। डॉ. बसु ने कहा, इनमें से कई हादसे बुनियादी सुरक्षा उपाय अपनाकर रोके जा सकते हैं। सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। विशेषज्ञों ने हेलमेट, सीट बेल्ट, सुरक्षित गति और ट्रैफिक नियमों के पालन पर जोर दिया है।

यह जानकारी जनजागरूकता के उद्देश्य से साझा की गई है और इसमें व्यक्त विचार संबंधित विशेषज्ञ के निजी हैं। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या के लिए विशेषज्ञ से परामर्श आवश्यक है।

### दांतन में धान के खेत से नवजात शिशु का शव बरामद

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दांतन रेलवे स्टेशन के समीप स्थित धान के खेत से शुक्रवार की सुबह एक नवजात शिशु का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय सूत्रों ने बताया, प्रतिदिन की तरह सुबह टहलने निकले कुछ लोगों ने धान के खेत के पास नवजात शिशु का शव पड़ा हुआ देखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर दांतन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक अनुमान है कि जन्म के तुरंत बाद ही शिशु को वहां फेंक दिया गया। हालांकि, यह घटना दुर्घटनावश हुई या जानबूझकर परित्याग किया गया, इसका अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विश्व मानचित्र पर होगी श्रीरामपुर की टूरिज्म हब के तौर पर पहचान : तन्मय

❑ **रिसड़ा को इंडस्ट्रियल और श्रीरामपुर को टूरिज्म हब बनाने का संकल्प, चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवार**

**हुगली :** श्रीरामपुर विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार तन्मय घोष ने रिसड़ा नगरपालिका क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्र के विकास को लेकर बड़ा रोडमैप पेश किया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य रिसड़ा को एक मजबूत इंडस्ट्रियल हब और श्रीरामपुर को विश्व मानचित्र पर एक प्रमुख टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करना है।

रिसड़ा नगरपालिका के वार्ड संख्या 7 में आयोजित कार्यक्रम में घोष ने कहा कि क्षेत्र में पहले ही कई विकास कार्य हो चुके हैं, जिसका श्रेय उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और नगरपालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा को दिया। उन्होंने



कहा कि अब विकास को और तेज गति देने की आवश्यकता है।

खुद को केमिकल इंजीनियर बताते हुए तन्मय घोष ने कहा कि वे अपने 20 वर्षों के औद्योगिक अनुभव का उपयोग कर नई औद्योगिक नीतियां तैयार करेंगे, जिससे रिसड़ा के इंडस्ट्रियल बेल्ट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर इन नीतियों को केंद्र सरकार तक भी ले जाया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने श्रीरामपुर और आसपास के ऐतिहासिक क्षेत्रों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना साझा की। उनका कहना था कि ऐसा वातावरण तैयार किया जाएगा, जिससे देश-विदेश के पर्यटक पश्चिम बंगाल आने पर श्रीरामपुर को अपनी यात्रा सूची में शामिल करें।

जनसमर्थन को लेकर आत्मविश्वास जताते हुए घोष ने कहा कि उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और इसका असर चुनाव परिणाम में भी दिखेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि तृणमूल कांग्रेस आगामी चुनाव में जीत दर्ज कर ममता बनर्जी के नेतृत्व में फिर से सरकार बनाएगी।

इस दौरान चेयरमैन विजय सागर मिश्रा के नेतृत्व में गली-मोहल्लों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में पार्षद सुख सागर मिश्रा, रिसड़ा टाउन तृणमूल कांग्रेस कमिटी के जॉइंट सेक्रेटरी अधिवक्ता राजेंद्र चतुर्वेदी, युवा तृणमूल अध्यक्ष अमित जैन सहित अन्य पार्षद व समर्थक उपस्थित रहे। जगह-जगह तन्मय घोष का फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

# भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए तृणमूल रच रही षड़यंत्र : भास्कर भट्टाचार्य

**हुगली :** श्रीरामपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार भास्कर भट्टाचार्य ने शुक्रवार अपराह्न एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस भाजपा से डर चुकी है और इसी वजह से वह को चुनावी मुकाबले से बाहर करने की नाकाम कोशिश कर रही है।

भास्कर भट्टाचार्य ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब वे नामांकन की स्क्रूटनी के लिए पहुंचे, तब तृणमूल कांग्रेस की ओर से उनके खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई गई। हालांकि, रिटर्निंग ऑफिसर ने शिकायतकर्ता को सभी आवश्यक दस्तावेज



दिखाए, जिसके बाद मामला स्पष्ट हो गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस विभिन्न हथकंडे अपनाकर भाजपा उम्मीदवार को चुनावी मैदान से हटाना चाहती है, लेकिन इसमें उसे सफलता नहीं मिलेगी।

साथ ही भास्कर भट्टाचार्य ने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस ने उनके नाम से मिलते-जुलते एक अन्य व्यक्ति को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा है, ताकि मतदाताओं में भ्रम पैदा किया जा सके। उन्होंने श्रीरामपुर के मतदाताओं से अपील की कि वे केवल कमल के फूल चुनाव चिन्ह को देखकर ही मतदान करें। वहीं, इन आरोपों पर तन्मय घोष ने कहा जनता इसका जबाब मतदान के जरिये देगी। कहा कि अगर ऐसा हुआ है तो चुनाव आयोग से वीडियो फुटेज दिखाने की मांग रखे। शपत पात्र में त्रुटियां है उनका नामांकन रद्द होना चाहिए था यह कानूनी मामला है कानून अपना काम करेगा।

## न्यूज अपडेट

### नारायणगढ़ में सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के नारायणगढ़ इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार दोपहर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा खड़गपुर-बालेश्वर 16 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के डहोरपुर इलाके में हुआ। मृतक की पहचान देवव्रत सिंह (47) के रूप में हुई है। वह नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के कुनारपुर के नंदकिशोरपुर गांव के निवासी थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दो भाई दिहाड़ी काम खत्म कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। डहोरपुर पेट्रोल पंप के पास पेट्रोल भराने के लिए बाइक मोड़ते समय एक निजी कार ने तेज रफ्तार में आकर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण दोनों भाई सड़क पर छिटक कर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रही एक लॉरी चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और छोटे भाई के ऊपर से गुजर गया। इस भीषण हादसे में बड़े भाई के आंखों के सामने ही छोटे भाई की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर नारायणगढ़ थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर महकमा अस्पताल भेज दिया गया।

### चंडीपुर में नाका चेकिंग के दौरान 16 लाख से अधिक नकदी बरामद

**पूर्व मेदिनीपुर :** पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में चंडीपुर क्षेत्र से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत गुरुवार की रात लगभग 01:30 बजे चंडीपुर थाना क्षेत्र के बरोज बाजार इलाके में केंद्रीय बल, एसएसटी टीम और चंडीपुर थाने की संयुक्त टीम ने नाका चेकिंग के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति के पास से 13 लाख 80 हजार 579 रुपये नकद बरामद किए। इसी तरह चंडीपुर थाना क्षेत्र के शशिगंज बाजार इलाके में नाका चेकिंग के दौरान एक अन्य व्यक्ति के पास से दो लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। बरामद की गई इस बड़ी राशि के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। नियमानुसार पूरी रकम को ब्लॉक प्रशासन और पुलिस की पहल पर जिला आयकर विभाग के पास जमा करा दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस धनराशि के स्रोत और इसके पीछे किसी विशेष उद्देश्य की संभावना को लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

### एजेयूपी में चुनाव से पहले दरार, पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले आम जनता उन्नयन पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष खोबायब अमीन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने शुक्रवार को पार्टी चेयरमैन हुमायूं कबीर को अपना इस्तीफा भेज दिया। खोबायब अमीन ने अपने इस्तीफे में कहा है कि उनका फैसला किसी राजनीतिक मतभेद के कारण नहीं, बल्कि सामाजिक और धार्मिक जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देने के चलते है। उन्होंने बताया कि एक पीरजादा और एक फाउंडेशन के सचिव के रूप में समाज के प्रति उनकी कई अहम जिम्मेदारियां हैं, जिन पर सक्रिय राजनीति के कारण पर्याप्त ध्यान नहीं दे पा रहे थे। इस्तीफे में उन्होंने लिखा कि लंबे विचार-विमर्श के बाद उन्होंने महसूस किया कि सामाजिक कार्यों और धार्मिक दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने के लिए उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारी से अलग होना जरूरी है। हालांकि, उन्होंने पार्टी और अपने सहयोगियों के प्रति आभार भी जताया। अमीन ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के रूप में काम करना उनके लिए सम्मान की बात रही और कार्यकाल के दौरान उन्हें साथियों से पूरा सहयोग मिला। उन्होंने अपने संदेश में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चुनाव से ठीक पहले पार्टी के एक बड़े पदाधिकारी के इस्तीफे को राजनीतिक हलकों में अहम घटनाक्रम माना जा रहा है। इससे हुमायूं कबीर की पार्टी की संगठनात्मक स्थिति पर सवाल उठने लगे हैं।

### वोटर सूची से नाम हटने के बाद व्यक्ति की मौत, परिवार ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में वोटर सूची से नाम हटने के बाद एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान महमूद गाजी(46) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मगराहाट के 158 नंबर बूथ की वोटर सूची से महमूद गाजी और उनके बेटे का नाम हटा दिया गया था। दोनों को सुनवाई के लिए बुलाया गया था और आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बावजूद उनका नाम सप्लिमेंट्री लिस्ट शामिल नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि नाम दोबारा जुड़वाने के लिए महमूद गाजी विभिन्न सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहे थे और अंतिम पूरक सूची का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, उसमें भी उनका और उनके बेटे का नाम नहीं आया, जिससे वे काफी चिंतित हो गए। इसी बीच, गुरुवार को उन्हें अचानक ब्रेन स्ट्रोक आया। उन्हें डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार सुबह उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने इस मामले को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं।

# चुनाव आयोग की भूमिका पर माकपा का आक्रोश, मताधिकार छीनने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने चुनाव आयोग की भूमिका पर तीखा आक्रोश व्यक्त किया है। शुक्रवार को कोलकाता के मुजफ्फर अहमद भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों मतदाताओं के नाम वोटर सूची से हटाकर निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव संभव नहीं है। सलीम ने कहा कि हम मानते हैं कि बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार से वंचित रखकर कोई भी लोकतांत्रिक चुनाव नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि पार्टी एआईआर (पूरक) मतदाता सूची के प्रकाशन का इंतजार कर रही थी, लेकिन अब भी कई लोगों के नाम सूची से गायब हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से ऐसी टिप्पणी सामने आई है कि मतदान प्रक्रिया में भाग नहीं लेने पर भी मताधिकार बना रहेगा, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है। उनके



अनुसार, मताधिकार एक संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार है, जिसे नागरिक स्वतंत्रता के बाद से प्राप्त करते आए हैं। सलीम ने आरोप लगाया कि न्यायिक प्रक्रिया का इस्तेमाल कर मताधिकार को सीमित करने की कोशिश की जा रही है, जिससे लोकतंत्र का दायरा सिमट रहा है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पहले ही मुख्य चुनाव अधिकारी के पास शिकायत दर्ज करा चुका है। साथ ही, माकपा के महासचिव एम ए बेबी द्वारा चुनाव आयोग को पत्र लिखे जाने की जानकारी भी उन्होंने दी।


**गैर-जरुरी रखरखाव कार्यों का आउटसोर्सिंग**

**निविदा सूचना सं. TRD/LMG/2 of 2026-27 दिनांकः 07-04-2026।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमन्त्रित किया गया हैः **निविदा सं. EL-TRD-NFR-LMG-NC-57। कार्य का नामः** दो सालों की एक अवधि हेतु लामडिंग मंडल के अंतर्गत कामाख्या, चापरमुख जंक्शन, लामडिंग और सेनचोआ जंक्शन टीआरडी डिपो के 25केवी ट्रैक्शन सिस्टम की गैर-जरुरी रखरखाव कार्यों के लिए आउटसोर्सिंग। **विज्ञपित राशिः** ₹3,80,34,801.24/-। **बोली सुरक्षाः** ₹3,40,200/-। **निविदा बंद होगी 30-04-2026 तारीख के 15.00 बजे में।** उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्रपत्रों के साथ विस्तृत विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी।

**वरिष्ठ. डीईई/टीआरडी/लामडिंग**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: एलआरसी-3 _सीटी_वी-रैप-पीटी-III, दिनांक 09.04.2026;** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए वित्तीय एवं तकनीकी रूप से सक्षम निविदाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः** भित्ती चित्र रोधी उपाय के साथ दुरंतो कोचों (एलएचबी), हमसफर कोचों (एलएचबी), एलएचबी (राजधानी, शताब्दी एवं जन शताब्दी रंगीन) कोचों, वंदे भारत एवं अमृत भारत कोचों के अंतिम पैनलों को छोड़कर कोच के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग की आपूर्ति एवं उसका इस्तेमाल करना। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 3,64,10,167। **बयाना राशिः** रु. 7,28,200। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 30.04.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण जहां निविदा के परिपूर्ण विवरण के उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in** निविदा सूचना के प्रकाशन के उपरांत प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, के लिए निविदाताओं को नियमित रूप से आईआरईपीएस पोर्टल देखने की सलाह दी जाती है।

(MISC-09/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 03 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से देखें।

**कैटलॉग सं.: पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-एपीआर-01**

**क्रम सं.: 1, लॉट सं.: पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-केकेएई-टीडब्ल्यू-173-26-1** (पार्किंग-टू व्हीलर), **स्टेशन का नाम :** कैकाला। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** दिनांक 23.04.2026 को 14.00 बजे। HWH-18/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के तहत पावर और ट्रैफिक ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

बालीगंज में पुराने फुट ओवरब्रिज को तोड़कर गिराने के लिए, दिनांक 11.04.2026 को 22.15 बजे से 12.04.2026 को 06.15 बजे तक 08 घंटे (480 मिनट) के लिए पावर और ट्रैफिक ब्लॉक आवश्यक होगा। इसके परिणामस्वरूप, ट्रेनों के आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्थाएं की गई हैं: ● **ट्रेनों का निरस्तीकरण [दिनांक 11.04.2026 (शनिवार)] : सियालदह-लक्ष्मीकांतपुर:** 34752 डाउन, 34754 डाउन/34755 अप, 34757 अप। **सियालदह-कैनिंग:** 34554 डाउन/34555 अप। **सियालदह-डायमंड हार्बर:** 34858 डाउन, 34860 डाउन/34857 अप, 34859 अप। **सियालदह-कोमागाटा मारू बजबज:** 34162 डाउन/34161 अप। **सियालदह-सोनारपुर:** 34436 डाउन। **ट्रेनों का निरस्तीकरण [दिनांक 12.04.2026 (रविवार)] : सियालदह-सोनारपुर:** 34412 डाउन/34411 अप। **सियालदह-बारुईपुर:** 34612 डाउन, 34614 डाउन/34611 अप, 34613 अप। **सियालदह-कोमागाटा मारू बजबज:** 34116 डाउन/34115 अप। **सियालदह-लक्ष्मीकांतपुर:** 34718 डाउन/34717 अप। ● **ट्रेनों की संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू: (1) 34753 अप लक्ष्मीकांतपुर-सियालदह लोकल, 34553 अप एवं 34557 अप कैनिंग-सियालदह लोकल** और **34855 अप डायमंड हार्बर-सियालदह लोकल** दिनांक 11.04.2026 (शनिवार) को सोनारपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेंगी और **34550 डाउन एवं 34552 डाउन सियालदह-कैनिंग लोकल** और **34856 डाउन सियालदह-डायमंड हार्बर लोकल** दिनांक 11.04.2026 (शनिवार) को सोनारपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेंगी। **(2) 34159 अप एवं 34163 अप कोमागाटा मारू बजबज-सियालदह लोकल** दिनांक 11.04.2026 (शनिवार) को न्यू अलीपुर (कोलकाता) में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेंगी और **34164 डाउन सियालदह-कोमागाटा मारू बजबज लोकल** दिनांक 11.04.2026 (शनिवार) को न्यू अलीपुर (कोलकाता) से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(3) 34511 अप, 34513 अप और 34515 अप कैनिंग-सियालदह लोकल, 34711 अप, 34713 अप एवं 34715 अप लक्ष्मीकांतपुर-सियालदह लोकल, 34811 अप, 34813 अप एवं 34815 अप डायमंड हार्बर-सियालदह लोकल** दिनांक 12.04.2026 (रविवार) को सोनारपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेंगी और **34512 डाउन सियालदह-कैनिंग लोकल, 34712 डाउन, 34714 डाउन और 34716 डाउन सियालदह-लक्ष्मीकांतपुर लोकल, 34812 डाउन, 34814 डाउन और 34816 डाउन सियालदह-डायमंड हार्बर लोकल** दिनांक 12.04.2026 (रविवार) को सोनारपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेंगी। **(4) 34112 डाउन और 34114 डाउन सियालदह-कोमागाटा मारू बजबज लोकल** दिनांक 12.04.2026 (रविवार) को न्यू अलीपुर (कोलकाता) से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेंगी और **34111 अप कोमागाटा मारू बजबज-सियालदह लोकल** दिनांक 12.04.2026 (रविवार) को न्यू अलीपुर (कोलकाता) में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। ● **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण: 34118 डाउन सियालदह-कोमागाटा मारू बजबज लोकल** दिनांक 12.04.2026 (रविवार) को 10 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेनों के आवागमन में विलंब हो सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल में ट्रैफिक ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

डायमंड पॉइंट और क्रॉसिंग नंबर 218ए/224बी (किमी 39/26-28 पर) और 206ए/207बी (किमी 40/08-10 पर) के परिवर्तन के लिए, हावड़ा मंडल की बैण्डेल स्टेशन सीमा में डाउन मेन लाइन पर दिनांक **12.04.2026 (रविवार)** को **06 घंटे (11.00 बजे से 17.00 बजे तक) ट्रैफिक ब्लॉक** आवश्यक होगा। इसके परिणामस्वरूप, ट्रेनों के आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्थाएं की गई हैं:-

● **निरस्तीकरण: हावड़ा से:** 37657 हावड़ा - मेमारी लोकल, 37611 हावड़ा - पाण्डुया लोकल, 37835 हावड़ा - बर्द्धमान लोकल; **बर्द्धमान से:** 37834 बर्द्धमान - हावड़ा लोकल; **बैण्डेल से:** 37749 बैण्डेल - कटवा लोकल, 37751 बैण्डेल- कटवा लोकल, 37753 बैण्डेल - कटवा लोकल, 37542 बैण्डेल - नैहाटी लोकल; **कटवा से:** 37746 कटवा - बैण्डेल लोकल, 37748 कटवा - बैण्डेल लोकल, 37752 कटवा - बैण्डेल लोकल; **पाण्डुया से:** 37614 पाण्डुया - हावड़ा लोकल; **मेमारी से:** 37658 मेमारी - हावड़ा लोकल; **नैहाटी से:** 37541 नैहाटी - बैण्डेल लोकल।

● **पुनर्निर्धारण: 53001 हावड़ा - आजिमगंज पैसेंजर** को हावड़ा से 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, यानी यह हावड़ा से 16.05 बजे के बदले 16.35 बजे छूटेगी।

● **मार्ग में नियंत्रण: 37917 हावड़ा - कटवा लोकल** को मार्ग में 20 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा।

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन और कोई भी नई चालू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को ब्लॉक के दौरान सुविधानुसार मार्ग में नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2026/11, दिनांक 10.04.2026;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय (पांचवीं मंजिल), न्यू प्रशासनिक भवन, 11, गार्डनरीच रोड, कोलकाता-700043 द्वारा "ई" प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। सभी निविदाएं अपराह्न 2.00 बजे बंद कर दी जाएगी।

| क्र. | निविदा सं. | बंद होने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | ईएमडी (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30263005 | 07.05.2026 | हाइट्रेल लोअर वाशर इत्यादि | 8900 अदद | 12,72,270/- |
| 2 | 30263498 | 04.05.2026 | आईसीएफ कोचों इत्यादि के लिए एक्सल बॉक्स हाउसिंग | 500 अदद | 2,71,400/- |
| 3 | 38264068 | 04.05.2026 | कैसनब बोगी इत्यादि के लिए ब्रेक वीयर प्लेट (पॉकेट लाइनर) | 36000 अदद | 1,67,370/- |
| 4 | 65235034सी | 21.04.2026 | 35/5 टन क्षमता के ईओटी क्रेन की आपूर्ति, स्थापना, चालू एवं प्रमाणित करना | 01 अदद | 2,01,110/- |
| 5 | 60260040 | 30.04.2026 | 60 किग्रा हेतु मेटल लाइनर इत्यादि का निर्माण एवं आपूर्ति | 3000000 अदद | 15,24,000/- |
| 6 | 6026 आरजीसी03 | 28.04.2026 | 10 मिमी मोटी पॉकेट टाइप नॉयलन कॉर्ड रीइंफोर्स्ड ग्रुव्ड रबड़ सोल प्लेटों का निर्माण एवं आपूर्ति | 500 सेट | 18,88,000/- |
| 7 | 65255037 | 12.05.2026 | डीजल जेनरेटर सेट 750 केवीए (बोली-पूर्व बैठक पीसीएमएम सभा कक्ष/दपूरे/जीआरसी/कोल-43 में दिनांक 20.04.26 को अपराह्न 04.00 बजे आयोजित होगी) | 01 अदद | 2,60,000/- |
| 8 | 65245061बी | 05.05.2026 | रोटरी स्क्रू विद्युत संचालित एयर कम्प्रेशर 500 सीएफएम | 04 अदद | 2,26,800/- |
| 9 | 47255026ए | 30.04.2026 | 11 केवी/0.415 केवी, 250 केवीए क्षमता के आउटडोर टाइप डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर इत्यादि की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना | 12 अदद | 1,16,490/- |
| 10 | एडी265162 | 04.05.2026 | एलएचबी एसी कोचों आदि के लिए अल्युमीनियम फीडर पाइपों का सेट तथा सहायक उपकरण | 150 सेट | 1,98,240/- |
| 11 | 56255238ए | 05.05.2026 | एसएमपीएस आधारित आईपीएस इत्यादि की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना | 08 सेट | 1,24,800/- |
| 12 | 33263092 | 03.06.2026 | इंटर कार गैंगवे माउंटिंग इत्यादि | 1030 अदद | 11,95,420/- |
| 13 | 33260099 | 11.05.2026 | ब्लाइंड सॉकेट इत्यादि के लिए हिन्ज्ड कवर असेम्बली | 9100 अदद | 8,80,340/- |
| 14 | 33260049 | 20.05.2026 | एलएचबी एसी-3 टीयर इत्यादि के लिए सम्पूर्ण रोलर ब्लाइंड | 45 सेट | 1,12,500/- |
| 15 | 33263222 | 20.05.2026 | एलएचबी कोचों इत्यादि के लिए बाइट टाइप फीटिंगों का सेट | 260 सेट | 2,42,070/- |
| 16 | 33263280 | 18.05.2026 | डबल इनलेट (टाइप-1) सेंट्रिफ्युगल ब्लोअर | 1270 अदद | 54,420/- |
| 17 | 33263052 | 18.05.2026 | रोलर लिंक | 3287 अदद | 1,25,670/- |
| 18 | 33263021 | 18.05.2026 | ट्रैक्शन सेंटर (लीवर) | 1990 अदद | 2,20,260/- |
| 19 | 33263030 | 15.05.2026 | एंटी रोल बार | 1940 अदद | 2,38,080/- |
| 20 | 33263029 | 13.05.2026 | एंटी रोल बार फोर्क | 3950 अदद | 4,13,730/- |
| 21 | 33260004 | 06.05.2026 | सीट एवं बर्थ इत्यादि के लिए कुशनिंग सामग्री | 140 सेट | 2,87,450/- |

इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने तथा तदुपरांत प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-35)**

**Format C-7**

**[Sl. 5. Utter Dinajpur (AC- 28, 29) Phase -1st, Date of Election: 23.04.2026]**

(For political party to publish in the 2 Newspapers, Social Media Platforms & Website of the Party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as to why other Individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates. (As per the Commission's directions issued in pursuance of the order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no.2192 of 2018 In WP(C) no. 566 of 2011)

Name of the Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
* Name of Election : **General Election to the Legislative Assembly, 2026**
Name of State /UT : **West Bengal**

| Sl.No. of the candidate | Name of the Constituency | Name of the Candidate | 21 a Nature of the offence | b Case No. | c Name of the Court | d Whether charges have been frames or Not (Yes/No) | e Date of conviction, if any | f Details of Punishment imposed, if any | g Any other information require to be given | 2 The reasons for the Selection of the candidate, Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere " winnability" at the pools (not more than 100 words) | 3 Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidate (not more than 100 words) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 28 CHOPRA | MD.MAKLESW AR RAHAMAN | U/S - 143,448,436,379 IPC, R/W 25, 27 & 35 of Arms Act. | Chopra P.S Case No.1429/13 GR No. 4834/2013 | ACJM Islampur | NO | NA | NA | NA | The Candidate has been falsely implicated out of political vengeance. He is being the popular leader and workers for the people throughout the years to ensure his constitutional rights. | The candidate has been chosen as his political activities require to vindicated by the people to prove that such false allegations are not appreciated thus, preference has been given on this candidate than other candidates having no criminal antecedence. |
| 2 | 29 ISLAMPUR | MD. SAMI KHAN | 189(2)/28/5/259/ 272of BNS R/W Sec.8(b) of NH Act | ISLAMPUR P.S Case no. 805/2024GR No. 2668/2024 | ACJM Islampur | NO | NA | NA | NA | | |
| | | | 188/186/143IPC, R/W 51(B) D.M | Raiganj PS Case No. 767/2020 GR 1737/2020 | Addl. J.M Court at Raijanj | NO | NA | NA | NA | | |
| | | | 143/148/447/186 /353/354/332/33 3/307 of IPC | Islampur P.S. Case No. 805/2024 GR No. 2668/2024 | ACJM, Islampur | NO | NA | NA | NA | | |

**Sd/- Md. Salim**
**Secretary, West Bengal State Committee; Communist Party of India (Marxist)**

## महिला आरक्षण पर कांग्रेस अगले हफ्ते विपक्षी नेताओं की बैठक बुलाएगी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले हफ्ते संसद की तीन दिवसीय बैठक से पहले विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक बुलाएगी, जिसमें महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन के मुद्दे पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद कहा कि विपक्षी नेताओं की बैठक 15 अप्रैल को हो सकती है। उन्होंने यह मांग दोहराई कि सरकार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन के मुद्दे पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। रमेश ने यहां संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में दो मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। पहला विषय संसद का विशेष सत्र और दूसरा विषय पश्चिम एशिया संकट था।

## जम्मू कश्मीर: राजौरी में एक बक्से के अंदर दो ग्रेनेड बरामद, इलाके में घेराबंदी की गई

**राजौरी/ जम्मू :** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को एक संदिग्ध आईईडी-जैसा बक्सा बरामद किया, जिसमें दो ग्रेनेड थे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई। स्थानीय लोगों ने सुंदरबनी क्षेत्र के ठंडीपानी इलाके में संदिग्ध सामग्री देखी, जिसके बाद सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और इलाके को सुरक्षित कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध विस्फोटक सामग्री एक जल निकाय के पास पड़ी हुई पाई गई। यह एक बक्से के अंदर सीलबंद दो ग्रेनेड थे।

## भोजशाला है सरस्वती मंदिर और 'ज्ञान पीठ', लंदन में रखी मूर्ति वापस लाई जाए : हिंदू पक्ष

**इंदौर :** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में धार के भोजशाला विवाद के मुकदमे में हिंदू पक्ष के एक याचिकाकर्ता ने शुक्रवार को दावा किया कि 11वीं सदी का यह स्मारक परमार राजवंश के राजा भोज द्वारा स्थापित सरस्वती मंदिर है और इससे जुड़ी 'ज्ञान पीठ' में अलग-अलग विद्याओं का अध्ययन किया जाता था। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस मंदिर में स्थापित सरस्वती की मूर्ति फिलहाल लंदन के एक संग्रहालय में है जिसे वापस भारत लाकर भोजशाला में फिर से स्थापित किया जाना चाहिए। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह विवादित परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ भोजशाला के धार्मिक स्वरूप के विवाद को लेकर दायर चार याचिकाओं और एक रिट अपील पर छह अप्रैल से नियमित सुनवाई कर रही है। सबसे पहले याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनी जा रही हैं। सुनवाई के पांचवें दिन हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ताओं में शामिल कुलदीप तिवारी के वकील मनीष गुप्ता ने न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी के सामने अपनी दलीलें पेश कीं।

## तेलंगाना में 42 नक्सलियों के समर्पण के बाद राज्य माओवादी संगठनों से मुक्त घोषित किया गया: डीजीपी

**हैदराबाद :** तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बी शिवधर रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि 42 माओवादियों के आत्मसमर्पण के बाद राज्य भाकपा (माओवादी) के सशस्त्र संगठनों से पूरी तरह मुक्त हो गया है। पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन का कमांडर सोडी मल्ला उर्फ केशल उन 42 वामपंथी उग्रवादियों में शामिल है, जिन्होंने मुख्यधारा में शामिल होकर तेलंगाना के डीजीपी के सामने हथियार डाल दिए। उन्होंने कहा कि भाकपा (माओवादी) की तेलंगाना राज्य समिति (टीएससी) के सभी नेताओं के आत्मसमर्पण के बाद, शेष टीएससी कैडर निष्क्रिय हो गए हैं और टीएससी का अब कोई अस्तित्व नहीं है। डीजीपी ने बताया कि 42 माओवादियों ने पांच एके-47 राइफल, चार एसएलआर राइफल, दो देसी ग्रेनेड, विभिन्न कैलिबर के 1,007 कारतूस और 800 ग्राम सोने सहित 36 आग्नेयास्त्र सौंपते हुए आत्मसमर्पण किया।

# राज्य सेवारत कर्मचारियों, पेंशनधारकों के बीच महंगाई भत्ते में भेदभाव नहीं कर सकता: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य महंगाई भत्ते को बढ़ाते समय सेवारत कर्मचारियों और पेंशनधारकों के बीच भेदभाव नहीं कर सकता। सेवानिवृत्त लोगों के समानता के अधिकार को बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने केरल सरकार और केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) द्वारा दायर अपीलों को खारिज कर दिया। न्यायालय ने साफ किया कि महंगाई का प्रभाव सेवारत और सेवानिवृत्त,



दोनों कर्मचारियों पर समान रूप से पड़ता है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने फैसले में लिखा, ''समानता एक गतिशील अवधारणा है और इसे पारंपरिक सीमाओं में कैद नहीं किया जा सकता। वास्तव में, समानता और मनमानापन एक-दूसरे के एकदम विपरीत हैं, एक गणराज्य में कानून के शासन का हिस्सा है, जबकि दूसरा एक निरंकुश शासक की सनक है।'' संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का हवाला देते हुए फैसले में कहा गया कि इसमें 'वर्ग विधान' का निषेध किया गया है, लेकिन 'तार्किक वर्गीकरण' की अनुमति की गई है। इसे दो परीक्षणों पर खरा उतरना चाहिए: वर्गीकरण एक सुविचारित अंतर पर आधारित होना चाहिए और इस अंतर का उस उद्देश्य के साथ तर्कसंगत संबंध होना चाहिए, जिसे हासिल करने की कोशिश की जा रही है। पीठ ने कहा, ''यहां सेवानिवृत्त कर्मचारी न केवल पेंशन के बल्कि 'महंगाई राहत' (डीआर) के भी हकदार हैं, जो महंगाई के आधार पर समय-समय पर संशोधित होती है। मुद्दा लाभ की पात्रता का नहीं, बल्कि अलग-अलग दरों का है।'' न्यायालय ने कहा कि जब ये लाभ एक साझा उद्देश्य के लिए दिए जाते हैं और महंगाई से जुड़े होते हैं, तो सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए अलग-अलग दरें तय करना मनमाना और भेदभावपूर्ण है।

# नकद बरामदगी मामला: न्यायाधीश यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दिया

### महाभियोग की प्रक्रिया निष्प्रभावी हुई

**नयी दिल्ली/इलाहाबाद :** विवादों में घिरे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिससे उनके खिलाफ जारी महाभियोग की कार्यवाही निष्प्रभावी हो गई है। पिछले साल न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से जले हुए नोटों की गड्डियां बरामद होने के बाद से वह आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा के तत्काल प्रभाव से इस्तीफे के बाद अब लोकसभा द्वारा उन्हें पद से हटाने संबंधी प्रस्ताव पर जारी कार्यवाही स्वत: निष्प्रभावी हो गई है। न्यायाधीश ने नौ अप्रैल को राष्ट्रपति मुर्मू को अपना त्यागपत्र



भेजा। संसद द्वारा पद से हटाए जाने की प्रक्रिया को रोकने के लिए भ्रष्टाचार के आरोपी न्यायाधीश के लिए इस्तीफा ही एकमात्र विकल्प बचा था। इस प्रक्रिया को आमतौर पर 'महाभियोग' कहा जाता है। न्यायाधीश को पांच जनवरी, 2031 को सेवानिवृत्त होना था। दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास में 14 मार्च, 2025 को होली की रात लगभग 11 बजकर 35 मिनट पर आग लगने के बाद भारी मात्रा में नकदी मिलने का दावा किया गया था। आग बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। नौ अप्रैल को राष्ट्रपति को भेजे गए एक पत्र में 57 वर्षीय न्यायमूर्ति वर्मा ने कहा कि वह ''अत्यंत दुख'' के साथ अपना इस्तीफा दे रहे हैं और इस पद पर सेवा करना उनके लिए सम्मान की बात थी।

## इसरो ने गगनयान मिशन के लिए दूसरा एकीकृत एयर ड्रॉप परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया

**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष स्टेशन पर आगामी गगनयान मिशन के लिए दूसरा एकीकृत एयर ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) सफलता-पूर्वक आयोजित किया। यह प्रणाली कैप्सूल कर्मी दल



मॉड्यूल के कैप्सूल के पुनः प्रवेश और लैंडिंग के दौरान उसके सुरक्षित रूप से उतरने के लिए आवश्यक है। मानव उड़ान के दौरान अंतरिक्ष यात्री इसी कैप्सूल में बैठेंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सफल परीक्षण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी। सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारत के पहले मानव अंतरिक्ष यान गगनयान के लिए दूसरे एकीकृत एयर-ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) के सफलता पूर्वक पूरा होने पर इसरो को बधाई। गगनयान के अगले साल अंतरिक्ष में प्रक्षेपित होने की संभावना है। दूसरा एकीकृत एयर-ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) सतीश धवन अंतरिक्ष स्टेशन श्रीहरिकोटा में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।''

पहले आईएडीटी परीक्षण के

## केवल दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड कॉरिडोर को बरकरार रखा गया, छह डीपीआर में बदलाव किए गए

**नयी दिल्ली :** देश में हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विस्तार की दिशा में रेल मंत्रालय को पिछले कुछ वर्षों में सात कॉरिडोर के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सौंपी गई हैं, लेकिन केंद्रीय बजट में फिलहाल केवल दिल्ली-वाराणसी कॉरिडोर को ही प्राथमिकता दी गई है। अन्य प्रस्तावित कॉरिडोर में या तो बदलाव किया गया है या उनकी जगह नए कॉरिडोर सुझाए गए हैं। आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, इन परियोजनाओं में संशोधन व्यवहार्यता, यातायात सर्वेक्षण और परिचालन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वर्ष 2021-22 में दिल्ली-वाराणसी (942 किमी) और मुंबई-नागपुर (765 किमी) कॉरिडोर की डीपीआर तैयार की थी। हालांकि, बजट में मुंबई-नागपुर की जगह मुंबई-पुणे कॉरिडोर को शामिल किया गया। इसी तरह, 2022-23 में तैयार दिल्ली-अहमदाबाद (878 किमी) कॉरिडोर को मौजूदा सूची में स्थान नहीं मिला और इसके स्थान पर हैदराबाद-बेंगलुरु कॉरिडोर प्रस्तावित किया गया है। 2023-24 में तैयार मुंबई-हैदराबाद कॉरिडोर को भी संशोधित कर पुणे-हैदराबाद कर दिया गया है। दस्तावेज के मुताबिक, सभी डीपीआर 300 किमी प्रति घंटे की संभावित परिचालन गति को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं और इनमें लिडार डेटा, सामाजिक व पर्यावरणीय प्रभाव आकलन शामिल हैं। दिल्ली-वाराणसी कॉरिडोर के लिए 300 और 200 किमी प्रति घंटे की गति वाले दो विकल्प भी तैयार किए गए थे। इसके अलावा, दिल्ली-अमृतसर (475 किमी), चेन्नई-मैसूर (464 किमी) और वाराणसी-हावड़ा (754 किमी) कॉरिडोर को भी अंतिम सूची से बाहर कर दिया गया है। इनके स्थान पर हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु और वाराणसी-सिलीगुड़ी जैसे नए कॉरिडोर प्रस्तावित किए गए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, ये परियोजनाएं देश के परिवहन ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्रीय आर्थिक विकास और व्यावसायिक दक्षता को नई गति देंगी।

## मध्यप्रदेश का पहला 'गाली-मुक्त' गांव बना बोरसर, अपशब्दों के इस्तेमाल पर 500 रुपये का जुर्माना

**बुरहानपुर :** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले का बोरसर गांव अपशब्दों के इस्तेमाल के खिलाफ अपनी अनूठी पहल के कारण इन दिनों चर्चा में है। ग्राम पंचायत ने बोरसर को 'गाली-मुक्त' घोषित करते हुए फैसला



किया है कि खासकर मां-बहन की गालियां देने वाले व्यक्ति को या तो 500 रुपये का जुर्माना अदा करना होगा या उसे एक घंटे तक गांव की सफाई करनी होगी। जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर के फासले पर स्थित गांव में जगह-जगह पोस्टर-बैनर लगे नजर आते हैं जिसमें बोरसर को 'मध्यप्रदेश का पहला गाली-मुक्त गांव' बताया गया है। करीब 6,000 की आबादी वाले गांव के उप-सरपंच विनोद शिंदे ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया,''हमने ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव को मंजूरी दी है कि गांव में जो भी व्यक्ति गाली-गलौज करेगा, उसे 500 रुपये का जुर्माना देना होगा या एक घंटे तक गांव की सफाई करनी होगी।'' गांव के युवा अश्विन पाटिल ने कहा कि वह अक्सर देखते थे कि लोगों में गाली-गलौज के चलते छोटी-छोटी बातें बड़े विवादों में तब्दील हो जाती हैं। उन्होंने कहा,''अपशब्दों से गांव का माहौल खराब होता है। इसके मद्देनजर जन प्रतिनिधियों और बुजुर्गों ने बैठक करके तय किया कि पूरे गांव को गाली-मुक्त किया जाए।'' गांव की महिलाएं भी इस पहल की तारीफ कर रही हैं। जयश्री चौधरी ने कहा,''ग्राम पंचायत के फैसले से गाली-गलौज पर रोक लगी है। इस फैसले से पहले बच्चे भी गालियां देते थे।''

## सैन्य बलों की आवाजाही पर नजर रखने, जानकारी पाक भेजने वाले जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़; 11 गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरे लगाकर सेना और अर्धसैनिक बलों की आवाजाही पर नज़र रखने और यह जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े अपने आकाओं को भेजने वाले एक जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस बाबत 11 लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से हथियार बरामद किए गए हैं। विशेष प्रकोष्ठ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस मॉड्यूल ने पंजाब और राजस्थान में संवेदनशील सैन्य ठिकानों के पास सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरों का एक गुप्त निगरानी नेटवर्क



स्थापित किया था। अधिकारी ने कहा कि दो समन्वित अभियानों में की गई इस कार्रवाई के तहत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ी एक बड़ी साजिश का भी खुलासा हुआ है। उन्होंने यह मॉड्यूल जासूसी, हथियारों की तस्करी और महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों की रेकी में शामिल था, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा था। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर सौर ऊर्जा से चलने वाले कम से कम नौ सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, जो विशेष रूप से उन क्षेत्रों में थे, जहां सेना और अर्धसैनिक बलों की आवाजाही अधिक रहती है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रमोद सिंह कुशवाहा ने एक बयान में बताया, इन स्थानों में पंजाब के कपूरथला, जालंधर, पठानकोट, पटियाला और मोगा के साथ-साथ हरियाणा का अंबाला, जम्मू-कश्मीर का कठुआ और राजस्थान के बीकानेर एवं अलवर शामिल थे।

## 'स्ट्रांग रूम' के बाहर उम्मीदवारों के प्रतिनिधि तैनात किए जा सकते हैं: निर्वाचन आयोग

**तिरुवनंतपुरम :** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि केरल विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के प्रतिनिधि ''स्ट्रांग रूम'' के बाहर तैनात किए जा सकते हैं। केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू केलकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मतदान संपन्न होने के बाद, चुनाव में इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) इकाइयों को संबंधित उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ''स्ट्रांग रूम'' में रखा गया। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षकों की निगरानी में ईवीएम को सुरक्षित रखा गया। विज्ञप्ति के अनुसार, इस प्रक्रिया की वीडियो




रिकॉर्डिंग की गई और ''स्ट्रांग रूम'' के चारों ओर सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ दो स्तरीय सशस्त्र सुरक्षा व्यवस्था स्थापित की गई है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, सभी प्रत्याशियों को लिखित रूप से सूचित किया गया है कि वे स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए अपने प्रतिनिधि नियुक्त करें और उन्हें आंतरिक सुरक्षा घेरा के बाहर रहने की अनुमति दी जाएगी।

## जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री से होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा पर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने जापानी समकक्ष तोशिमित्सु मोतेगी से होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। मोतेगी ने



संघर्ष में कई भारतीयों की मौत को लेकर जापान की ओर से शोक जाहिर किया। 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से क्षेत्र में आठ भारतीय नागरिक मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी से बात करके खुशी हुई। होर्मुज जलडमरूमध्य से अंतरराष्ट्रीय जहाजों के आवागमन सहित पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर चर्चा की। संघर्ष में जान गंवाने वाले भारतीयों के प्रति उनकी संवेदनाओं के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मोतेगी ने कहा कि उन्होंने और जयशंकर ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना भी शामिल है।

## हरिवंश राज्यसभा में तीसरी बार मनोनीत हुए, शपथ ग्रहण की

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा के निवर्तमान उपसभापति हरिवंश ने शुक्रवार को उच्च सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की सेवानिवृत्ति से रिक्त हुई सीट के लिए उन्हें मनोनीत किया था। हरिवंश का उच्च सदन के सदस्य के रूप में दूसरा कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त हो गया था। उन्होंने आज राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन के कक्ष में हिंदी में शपथ ली। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर भी शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उपस्थित



थे। सरकार की एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है, ''भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उपखंड (अ) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा उसी अनुच्छेद के खंड (3) के अनुसार राष्ट्रपति मनोनीत सदस्यों में से एक सदस्य के सेवानिवृत्त होने से उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए हरिवंश को राज्यसभा का सदस्य नामित करके प्रसन्न हैं।

## 'जेन जेड' आत्मनिर्भर है, आज का युवा विविधता और नवाचार को महत्व देता है: राजनाथ सिंह

**नोएडा :** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 'जेन जेड' के बारे में धारणाएं अक्सर अनुचित होती हैं। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज के युवा आत्मनिर्भर हैं, निर्णय लेने में स्वतंत्र हैं और नवाचार तथा विविधता को महत्व देते हैं। सिंह ने गौतमबुद्ध नगर स्थित 'नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी' के दीक्षांत समारोह में यह बात कही। 'जेन जेड' वे युवा हैं जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ। उन्होंने कहा कि 'जेन जेड' को अक्सर 'आलसी' कहा जाता है, लेकिन वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि यह पीढ़ी आत्मनिर्भर है, अपने




फैसले खुद लेती है, सहयोग में विश्वास करती है और विविधता को महत्व देती है। सिंह ने कहा कि समस्याओं को सुलझाने के प्रति 'जेन जेड' का दृष्टिकोण व्यावहारिक है, उनमें लचीलापन है और स्वायत्तता की इच्छा है। उन्होंने कहा कि भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी 30 वर्ष से कम उम्र की है और इसे महज एक आंकड़ा नहीं बल्कि एक मजबूत राष्ट्रीय शक्ति बताया। उन्होंने कहा, ''मेरी पीढ़ी अनुशासन और धैर्य पर जोर देती थी, जबकि आपकी पीढ़ी नवाचार और अनुकूलनशीलता पर ध्यान केंद्रित करती है। जब ये दोनों एक साथ आते हैं, तो प्रगति की गति और भी तेज हो जाती है।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि छोटे मन का व्यक्ति हमेशा ईर्ष्या, कुंठा और हताशा के दौर से गुजरता है और उसके जीवन में सुख की प्राप्ति नहीं होती है।

## टीबी के नए टीके सुरक्षित, लेकिन हो सकता है कि संक्रमण के सभी स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान न करें

**नयी दिल्ली :** क्षय रोग (टीबी) के दो नए टीके भारत में वयस्कों और बच्चों के लिए सुरक्षित हो सकते हैं, लेकिन हो सकता है कि ये संक्रामक जीवाणु रोग के सभी स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान न करें। यह बात 'ब्रिटिश मेडिकल जर्नल' में प्रकाशित तीसरे चरण के परीक्षण परिणामों में कही गई है। चरण-3 अंतिम दौर का अध्ययन है जिसमें सुरक्षा और प्रभावकारिता का निर्धारण करने के लिए एक नए उपचार की तुलना वर्तमान प्रक्रिया से की गई है। अनुसंधानकर्ताओं ने टीबी के मामलों को कम करने में दो नए टीकों – वीपीएम1002 और इम्यूवैक – की सुरक्षा एवं प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए 'प्रीवेंटबी' नामक परीक्षण किया। अध्ययन में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसंधानकर्ता भी शामिल रहे। भारत में, टीबी से बचाव के लिए शिशुओं को जन्म के समय 'बैसिलस कैलमेट-गुएरिन' (बीसीजी) नामक टीका लगाया जाता है।

# सशस्त्र बलों को एकीकृत और प्रौद्योगिकी से लैस करने की जरूरत : सीडीएस चौहान

**बेंगलुरु :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि भारत के सशस्त्र बलों को एकीकृत, चुस्त और प्रौद्योगिकी से लैस बल के रूप में विकसित होने की तत्काल आवश्यकता है, जो विभिन्न युद्धक्षेत्रों में सुचारु रूप से काम करने में सक्षम हो। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से पारंपरिक सीमाओं और समय-सीमाओं से परे जा रहा है। जनरल चौहान ने 'रण संवाद-2026' नाम से आयोजित संगोष्ठी के समापन सत्र को संबोधित करते हुए रेखांकित किया कि 'मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस' (एमडीओ) अब केवल एक वैचारिक चर्चा का विषय नहीं रह



गया है, बल्कि डेटा एनालिटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संघर्ष के बदलते स्वरूप में हुई प्रगति के कारण एक उभरती हुई युद्ध वास्तविकता बन गई है। एमडीओ आधुनिक सैन्य रणनीति है जिसमें थल, जल (समुद्र), वायु, साइबर, और अंतरिक्ष सभी पांचों क्षेत्रों में एक साथ और समन्वित तरीके से युद्ध लड़ा जाता है। सीडीएस ने कहा, ''एमडीओ को इस वर्ष के विषय के रूप में इसलिए नहीं चुना गया कि यह एक प्रचलित शब्द है, बल्कि मुझे लगता है कि यह एक प्रकार की नयी वास्तविकता है।'' देश के शीर्ष सैन्य अधिकारी ने कहा कि सेवारत अधिकारियों को रणनीतिक चर्चा के केंद्र में रखने के उद्देश्य से आयोजित इस संगोष्ठी ने मध्य स्तर और कनिष्ठ अधिकारियों को भविष्य के युद्ध को लेकर अपने दृष्टिकोण व्यक्त करने का मौका दिया है। उन्होंने कहा, ''आम तौर पर, अनुभवी लोग या विचारकों का समूह ही अपने विचार व्यक्त करते हैं। इसलिए मैंने उस विशेष प्रवृत्ति को उलट दिया।'' जनरल चौहान ने कहा कि जो लोग सक्रिय रूप से सेवारत हैं, वे युद्ध में होने वाले बदलावों की गति से बेहतर ढंग से परिचित होते हैं। सीडीएस ने कहा कि विचार-विमर्श के दौरान बल की संरचना, संगठनात्मक ढांचे और एक ऐसे युद्धक्षेत्र में मौजूदा पदानुक्रम की स्थिति सहित अहम मुद्दों पर मंथन किया गया, जो अब पारंपरिक सीमाओं से परे होता है। उन्होंने कहा कि चर्चाओं के दौरान खुफिया जानकारी, निगरानी और टोह (आईएसआर) पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जहां ''बाधा सूचना नहीं है, बल्कि इसकी व्याख्या की गति और गुणवत्ता है।''

## रूस से 26 भारतीयों की सुरक्षित वापसी के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करेगा न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह रूस में कथित तौर पर हिरासत में लिए गए 26 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए कदम उठाए। याचिका पर संज्ञान लेते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने अदालत में उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इस मुद्दे पर निर्देश लेने को कहा। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील ने पीठ को बताया कि ये 26 व्यक्ति भारतीय नागरिक थे, जो रूस में फंसे हुए थे। उन्होंने दावा किया कि उन्हें रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में भाग लेने के लिए मजबूर किया गया था।

## पाक आतंकी शहजाद भट्टी के लिए काम कर रहा युवक देहरादून से गिरफ्तार

**देहरादून :** उत्तराखंड के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और पुलिस ने यहां प्रेमनगर क्षेत्र में एक युवक को गिरफ्तार किया है जो कथित रूप से पाकिस्तानी आतंकवादी और आइएसआइ एजेंट शहजाद भट्टी के लिए काम कर रहा था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी । एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने यहां संवाददाताओं को बताया कि झाझरा का विक्रांत कश्यप (29) देहरादून के प्रतिष्ठित सरकारी एवं सैन्य संस्थानों की 'लोकेशन' एवं 'फुटेज' पाकिस्तान भेज रहा था । उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने और उनके संबंध में मिल रही खुफिया सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार देर रात राज्य एसटीएफ तथा देहरादून पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रेमनगर क्षेत्र से कश्यप को 0.32 बोर की एक अवैध पिस्तौल, सात जिंदा कारतूस एवं एक स्प्रे पेंट की केन के साथ गिरफ्तार किया । एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इन्स्टाग्राम एवं व्हाटसअप के माध्यम से पाकिस्तान में बैठे आंतकी शहजाद भट्टी एवं उसके अन्य साथी राणा के लगातार सम्पर्क में था । सिंह ने बताया कि एसटीएफ को जानकारी मिल रही थी कि भारत में आतंक फैलाने के लिये पाकिस्तान से आतंकवादी संगठन भारतीय युवकों को इन्स्टाग्राम एवं सोशल मीडिया के अन्य माध्यमों से फॉलोअर्स बनाकर उनसे 'स्लीपर सैल' के रूप में अवैध गतिविधियां करवा रहे हैं। सिंह ने बताया कि पूछताछ में कश्यप ने बताया कि वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला का फैन है और उसकी हत्या करने वालो से बदला लेना चाहता था इसलिए वह भटटी के संपर्क में आया।

# इलाज के साथ बचाव पर जोर देना समय की आवश्यकता: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि देश को दीर्घकालिक रूप से स्वस्थ और उत्पादक बनाना है, तो चिकित्सा व्यवस्था को इलाज-केंद्रित मॉडल से आगे बढ़ाकर जन-जागरुकता और जीवनशैली में सुधार पर आधारित मॉडल की ओर ले जाना होगा। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन 'एनआईसी-2026' को संबोधित करते हुए यह बात कही। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर स्वास्थ्य अवसंरचना और किफायती उपचार के विस्तार पर काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर बीमारियों से पहले ही बचाव को प्राथमिकता देना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उनका कहना था कि मजबूत उपचार व्यवस्था और व्यापक बचाव अभियान का यह द्विस्तरीय दृष्टिकोण भविष्य की स्वास्थ्य सुरक्षा का आधार बनेगा और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने गैर-संचारी रोगों (नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज) को समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण ये बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की पारंपरिक जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या स्वस्थ जीवन का आधार रही है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में बचाव और उपचार दोनों पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। आदित्यनाथ ने कहा कि जागरुकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित करना बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गंभीर बीमारी पूरे परिवार के लिए आर्थिक संकट बन जाती थी, क्योंकि न पर्याप्त स्वास्थ्य संस्थान थे और न ही विशेषज्ञों की उपलब्धता। लेकिन पिछले वर्षों में इस स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत देश के लगभग 55-60 करोड़ लोगों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा मिल रही है, जो दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य कवरेज योजनाओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री राहत कोष से लगभग 1400 करोड़ रुपये उपचार के लिए उपलब्ध कराए गए, जो सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। आदित्यनाथ ने बताया कि एक दशक पहले उत्तर प्रदेश में केवल 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, जबकि अब केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से उनकी संख्या बढ़कर 81 हो गई है और दो एम्स भी संचालित हैं।

## संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है भाजपा: अखिलेश यादव



**जयपुर:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जयपुर दौरे के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। यादव ने निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है, विशेषकर उत्तर प्रदेश के उपचुनावों के दौरान। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, उत्तर प्रदेश के सभी उपचुनावों में निर्वाचन आयोग भाजपा के निर्देशों पर काम करता रहा है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भाजपा मुद्दों पर हारने लगती है तो वह 'संस्थाओं के पीछे छिप जाती है'। समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने भाजपा पर धार्मिक नेताओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शंकराचार्यों का अपमान हो रहा है और भाजपा शासित सरकारों को उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। यादव ने सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) एजेंडे का जिक्र करते हुए कहा कि यह गठबंधन समाज के उन वर्गों का प्रतिनिधित्व करता है जो कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जहां दर्द है, वहां पीडीए है; जहां भाजपा है, वहां दर्द है, और बताया कि वह राजस्थान में पार्टी के सामाजिक गठबंधन को मजबूत करने आए हैं। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को कभी उम्मीद थी कि वह प्रधानमंत्री बनने के बाद संन्यास लेंगे, लेकिन अब लगता है कि वह राज्यसभा सदस्य के रूप में संन्यास लेंगे।

## राजस्थान : मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय से 42 महिला पीसीआर वैन को दिखाई हरी झंडी



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय से 42 महिला पीसीआर वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 को निरंतर मजबूत बना रही है और अपराधों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पुलिस को आधुनिक संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीसीआर वैन 24 घंटे महिलाओं की सहायता के लिए काम करेंगी। इन सभी वाहनों को अभय कमांड सेंटर से जोड़ा जाएगा, जो कि पहले से संचालित डायल 112 की तर्ज पर कार्य करेंगी। जिससे वास्तविक समय में समन्वय के जरिए त्वरित प्रतिक्रिया संभव होगी। प्रत्येक वैन में मोबाइल डेटा टर्मिनल (एमडीटी), जीपीएस, फोल्डिंग स्ट्रेचर और एलईडी लाइट बार से लैस किया गया है ताकि आपात स्थितियों में प्रभावी और तेज प्रतिक्रिया दी जा सके। अधिकारियों ने बताया कि 1090 हेल्पलाइन महिलाओं को उत्पीड़न, शोषण और हिंसा जैसी आपात स्थितियों में सहायता प्रदान करती है। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, सघन तलाशी जारी



**पटना:** बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गईं और पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई, जिसके बाद तत्काल सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। विधानसभा सचिवालय ने धमकी भरे ईमेल की जानकारी मिलते ही पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सूचित किया। इसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पूरे परिसर को घेर लिया गया। पुलिस ने बताया कि श्वान दस्ता और बम निरोधक दस्ता भी पहुंच गया और भवन के अंदर तथा बाहर गहन तलाशी ली जा रही है। पुलिस के अनुसार, धमकी भरे ईमेल में विधानसभा परिसर में 13 आरडीएक्स लगाए जाने का दावा किया गया है और दोपहर 2:15 बजे विस्फोट होने की बात कही गई है। ईमेल में विधायकों और आम लोगों को बाहर निकालने का भी उल्लेख किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एहतियातन विधानसभा परिसर को 'हाई अलर्ट' पर रखा गया है और आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की जा रही है। संदिग्ध वस्तुओं की जांच की जा रही है तथा आसपास के इलाकों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## मथुरा नौका हादसा: डूबने से पहले ख़ुशी-ख़ुशी राधे-राधे का जप कर रहा था तीर्थ यात्रियों का दल

**मथुरा (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में शुक्रवार को वृन्दावन भ्रमण पर आया पंजाब के तीर्थयात्रियों का एक दल यमुना नदी में डूबने से पहले खुशी खुशी राधे-राधे का जप कर रहा था। एक नाव के यमुना में डूबने से ठीक पहले का एक वीडियो तेजी से प्रसारित होने से मालूम पड़ा कि सभी यात्री उस समय खुशी-खुशी तालियां बजाते हुए राधे-राधे का जाप कर रहे थे। यमुना नदी में श्रद्धालुओं/पर्यटकों से भरी एक नौका के पलट जाने से 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लापता हैं। इस वीडियो से यह भी पता चला है कि नाव में सवार इन यात्रियों में से किसी को भी नाविक ने 'लाइफ जैकेट' नहीं पहनाई थी, न ही उनमें से किसी ने भी स्वयं इस ओर ध्यान दिया। मोटर चालित नाव (मोटरबोट) में दो दर्जन से अधिक तीर्थयात्री सवार थे। ये सभी पंजाब के लुधियाना, मुक्तसर, जगरांव से आए थे। उनमें कुछ सदस्य हरियाणा के हिसार से भी आए बताए जा रहे हैं। जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह के मुताबिक इस हादसे में अब तक 10 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 16 व्यक्तियों को बचाया गया है।

## बलिया में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी ट्यूशन पढ़ाने वाला शिक्षक गिरफ्तार

**बलिया:** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के दुबहड़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार को 10वीं कक्षा की एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दुबहड़ थाना क्षेत्र के एक गांव में शिवपुर दियर नयी बस्ती व्यासी गांव का सूर्यदेव यादव (62) नामक शिक्षक 10वीं कक्षा की एक छात्रा को ट्यूशन पढ़ाता है। शिक्षक ने आज सुबह पढ़ाते समय छात्रा से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी अजय पाल ने बताया कि इस मामले में छात्रा के पिता की तहरीर पर सूर्यदेव के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो अधिनियम) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए जेल भेज दिया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## रणथम्भौर में बाघ को पर्यटक वाहनों ने घेरा, तीन चालक और तीन गाइड पर प्रतिबंध

**जयपुर:** राजस्थान में सवाईमाधोपुर जिले के रणथम्भौर बाघ परियोजना क्षेत्र में पर्यटक वाहनों की ओर से बाघ को घेरने का मामला सामने आने के बाद वन विभाग ने तीन गाइड और तीन वाहन चालकों पर अग्रिम आदेश तक उस क्षेत्र में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रणथम्भौर बाघ परियोजना के उपवन संरक्षक मानस सिंह ने बताया कि दो अप्रैल को शाम की पारी में जोन नंबर तीन में पर्यटक भ्रमण के दौरान बाघ दिखाई दिया, इस दौरान कुछ वाहनों ने बाघ को चारों ओर से घेर लिया, जिससे उसे निकलने का रास्ता नहीं मिला। उन्होंने बताया कि घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसके आधार पर जांच की गयी। सिंह ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर वाहन चालक मुरारी लाल मीणा, महेंद्र माली और तेजराज सिंह तथा गाइड प्रफुल्ल पाराशर, हंसराज गुर्जर एवं सैयद इरशाद पर कार्यवाही की गई तथा उन्हें अग्रिम आदेश तक रणथंभौर बाघ परियोजना में प्रवेश पर रोक दिया है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में अगली सुनवाई 15 मई को

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से लिखित बयानों में दाखिल संशोधन आवेदन पर शुक्रवार को सुनवाई की। संशोधन आवेदन पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 15 मई तय की। उल्लेखनीय है कि हिंदू पक्ष ने शाही ईदगाह मस्जिद का ढांचा हटाने के बाद जमीन का कब्जा लेने और मंदिर का पुनर्निर्माण करने के लिए 18 वाद दाखिल किए हैं। इससे पूर्व, एक अगस्त, 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हिंदू पक्षों की ओर से दायर इन मुकदमों की पोषणीयता (सुनवाई योग्य) को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी थी।

## राजस्थान : जेजेएम घोटाले में पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल तीन दिन की रिमांड पर



**जयपुर:** राजस्थान में करोड़ों रुपये के जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) की अदालत ने शुक्रवार को तीन दिन की रिमांड पर भेज दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील अमित सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि एसीबी ने पांच दिन की रिमांड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने तीन दिन की रिमांड मंजूर की। अदालत में पेश किए जाने से पहले सुबोध अग्रवाल ने समर्पण करने से इनकार करते हुए कहा कि वह खुद जांच में सहयोग करने आए हैं। उन्होंने कहा, मैंने न तो आत्मसमर्पण किया है और न ही मुझे लाया गया है। मैं अपनी इच्छा से सहयोग करने आया हूं। मुझे न्याय पर विश्वास है-सत्यमेव जयते। बचाव पक्ष के वकील अमित सिंह ने बताया कि अग्रवाल को 13 अप्रैल को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। एसीबी ने बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी को गिरफ्तार किया था। जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार मामले में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि तीन अभी भी फरार हैं। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि गणपति ट्यूबवेल्स और श्याम ट्यूबवेल्स नामक कंपनियों ने निविदा प्रक्रिया में फर्जी प्रमाण-पत्र जमा किए थे और आरोपी अधिकारियों ने इसके बारे में जानते हुए भी कोई सख्त कार्रवाई नहीं की।

## कुशीनगर में अज्ञात हमलावर ने सो रही मां-बेटी पर तेजाब फेंका, युवती की मौत

**कुशीनगर:** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोरवन के टोला इमिलिया में अज्ञात हमलावर ने घर में घुसकर, सो रहीं मां-बेटी पर तेजाब फेंक दिया जिससे युवती की मौत हो गई जबकि उसकी मां झुलस गई। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए उप महानिरीक्षक एस चिनप्पा, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, काजल (23) की शुक्रवार सुबह गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई, जबकि उसकी मां लीलावती देवी की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली



**नयी दिल्ली:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली तथा इसी के साथ राज्य में नये मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में एक संक्षिप्त समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। सभापति ने बाद में उन्हें उच्च सदन का सदस्य बनने और संसद में वापसी पर शुभकामनाएं भी दीं। कुमार ने हिंदी में शपथ ली। इस दौरान केंद्रीय मंत्री एवं सदन के नेता जे. पी. नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे।

### नीतीश कुमार ने बनाया रिकॉर्ड, चारों सदनों के सदस्य रहने वाले नेताओं में शामिल

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेकर एक कीर्तिमान स्थापित किया। वह लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद-चारों सदनों के सदस्य रहने वाले बिहार के चुनिंदा नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं। इस उपलब्धि के साथ नीतीश कुमार उन नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने चारों विधायी सदनों की सदस्यता का अनुभव प्राप्त किया है। इस विशिष्ट 'क्लब' में राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिवंगत सुशील कुमार मोदी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा और पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि का नाम भी शामिल है।

**Format C-7**

**Sl. No. 4A. Darjeeling (AC-19); Dt. 11/4/26**

*(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)*

*Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates*

*(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)*

Name of Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**
Name of the Election : **General Legislative Assembly Election - 2026**
Name of State/UT : **West Bengal**
(1) Name of the Constituency: **19-Dabgram Fulbari (A.C)**
(2) Name of the candidate : **DILIP SINGH**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Criminal antecedents | | |
| Sl. No. 1. | a. Nature of the offences | 1.Unlawful assembly Intimidation and causing hurt, assault& endangers human life or personal safety of others<br>2. Rioting, armed with deadly weapon, Unlawful assembly, causing hurt, assault, & criminal conspiracy<br>3. Rioting, armed with deadly weapon, Unlawful assembly, causing hurt, assault, & criminal conspiracy.<br>4. Endangers human life or personal safety of others, assault, attempt to murder.<br>5. Knowingly disobeying an order promulgated by a public servant. | |
| | b. Case no | 1. GR NO. 1193/13; 2. GR NO. 1195/13; 3. GR NO. 1198/13, 4. GR NO. 1194/13<br>5.GR NO.1286/16 | |
| | c. Name of the Court | 1. Ld. A.C.J.M. at Siliguri; 2. Ld. A.C.J.M. at Siliguri; 3. Ld. A.C.J.M. at Siliguri<br>4. Ld. A.C.J.M. at Siliguri; 5.Ld. JM 2nd Court at Jalpaiguri. | |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | NOT APPLICABLE |
| | e. | Date of conviction, if any | NOT APPLICABLE |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NOT APPLICABLE |
| | g. | Any other information required to be given | NOT APPLICABLE |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications ,achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | The cases ere framed out of political revenge by ruling party and there is no merit of the cases and in most of the cases, charges were not yet framed. Candidate's achievements and integrity have been transparently evaluated including qualifications. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | They lacked the required combination of local experience, credentials and ideological commitment. |

Sd/- **Md. Salim**
**Secretary, West Bengal State Committee; Communist Party of India (Marxist)**

**Format C-7**

**Sl. No. 4. Darjeeling (26); Date- 11/04/26**

*(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)*

*Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates. (As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)*

Name of Political Party : **Communist Party of India (Marxist)**

Name of the Election : **West Bengal Legislative Assembly Election - 2026**

Name of State/UT : **West Bengal**

(1) Name of the Constituency: **26- SILIGURI (A.C)**

Name of the candidate: **SARADINDU CHAKRABORTY**

| | | |
|---|---|---|
| 1. Criminal antecedents | | |
| Nature of the offences | On 10/04/2013 about 17-30 hrs, a protest rally was organized by T.M.C. and at about 18-15 hrs it was allegedly by the C.P.I.(M) supporters started pelting stones on the peaceful rally as a result police personals got injured.<br>On 10/04/2013 about 17-30 hrs, a protest rally was organized by T.M.C. and at about 18-15 hrs it was allegedly by the C.P.I.(M) supporters started stone pelting on the said rally of T.M.C.<br>On 10/04/2013 at about 17-30 hrs, a procession of TMC was allegedly resisted by the CPI(M) supporters by pelting stones and glass bottles.<br>On 10/04/2013 about 17-30 hrs, a protest rally was organized by T.M.C. and it was allegedly that the C.P.I.(M) supporters at that time tried to kill the T.M.C. supporters and police personnel.<br>It was alleged that the accused was obstructing traffic and tried to sprinkle petrol upon an official.<br>It was alleged that the accused person conducted mischief and wrongful restraint. | |
| b Case no. | 1) GR NO. 1193/13; 2) GR NO. 1196/13; 3) GR NO. 1198/13; 4) GR NO. 1194/13; 5) GR NO.2698/18; 6) GR NO. 1485/15 | |
| c Name of the Court | GR NO. 1193/13, 2) GR NO. 1196/13; 3) GR NO. 1198/13; 4) GR NO. 1194/13; 5) GR NO.2698/18; 6) GR NO. 1485/15 | |
| d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | NO |
| e. | Date of conviction, if any | NIL |
| f. | Details of punishment undergone, if any | NIL |
| g. | Any other information required to be given | NO |
| 2. The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | The cases were framed out of political revenge by ruling party and there is no merit of the cases and in most of the cases, charges were not yet framed. Candidate's achievements and integrity have been transparently evaluated including qualifications. |
| 3. Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | They lacked the required combination of local experience, credentials and ideological commitment. |

Sd/- **Md. Salim**
**Secretary, West Bengal State Committee; Communist Party of India (Marxist)**

## वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम में शामिल करने की मांग पर कुंबले ने संयम बरतने को कहा



**मुंबई:** आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम में शामिल करने की बढती मांग के बीच महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा है कि इस फैसले में हड़बड़ी नहीं करनी चाहिये। यहां एक बातचीत के दौरान कुंबले ने कहा कि असाधारण प्रतिभा के धनी खिलाड़ी को ज्यादा देर रोक पाना कठिन है लेकिन अपेक्षाओं के अत्यधिक दबाव से इस युवा खिलाड़ी पर अनावश्यक दबाव बनेगा। उन्होंने कहा, 'इसका जवाब खुद खिलाड़ी दे सकता है।' अस्सी के दशक में 16 वर्ष की उम्र में सचिन तेंदुलकर ने भी अपनी असाधारण प्रतिभा से भारतीय टीम में जगह पाई थी। कुंबले ने कहा कि सूर्यवंशी में अपार प्रतिभा है और उसने अब तक सब कुछ सही किया है। उन्होंने हालांकि कहा कि अभी उसके पास समय है। उन्होंने कहा, 'दस साल बाद भी वह 25 साल का ही होगा।' कुंबले ने कहा कि क्रिकेट में सफलता का कोई निश्चित रास्ता नहीं होता और खिलाड़ी अपने कैरियर के विभिन्न चरणों में उभरकर योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा ,'जहां तक वैभव की बात है तो अगले साल या दो साल बाद। लेकिन जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है , चयनकर्ताओं की नजर उस पर जरूर होगी।'

## भारतीय महिला टीम के समाने फीफा सीरीज में कीनिया की चुनौती



**नैरोबी:** भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप में निराशाजनक अभियान के एक महीने बाद शनिवार को फीफा सीरीज 2026 में मेजबान कीनिया का सामना करेगी। खिलाड़ियों को महाद्वीपीय टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाने से चूकने की निराशा को जल्द से जल्द भुलाकर चार टीमों के इस मैत्री टूर्नामेंट से पहले खुद को प्रेरित करना होगा। इस नॉकआउट टूर्नामेंट में केवल चार टीमें हैं, इसलिए शनिवार का मैच एक तरह से सेमीफाइनल है। ऑस्ट्रेलिया और मलावी शनिवार को ही दूसरा सेमीफाइनल खेलेंगे। सेमीफाइनल के विजेता और हारने वाली टीमें क्रमशः 15 अप्रैल को फाइनल और तीसरे स्थान के प्ले-ऑफ में भिड़ेंगी। क्रिसपिन छेत्री एक बार फिर महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में कमान संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी कोशिश भविष्य के लिए अभी से तैयारी शुरू करने की है। इसमें एएफसी महिला एशियाई कप 2029 क्वालीफायर और 2031 विश्व कप क्वालीफायर भी शामिल है। हमें अभी से शुरुआत करनी होगी।' पिछले साल छेत्री की देखरेख में भारत ने एशियाई कप के लिए क्वालीफाई कराया था लेकिन मुख्य टूर्नामेंट के दौरान वह अमेलिया वाल्वरडे के सहायक कोच थे। भारतीय टीम सात अप्रैल को नैरोबी पहुंच चुकी है और अब तक दो अभ्यास सत्र हो चुके हैं। मेजबान टीम के खिलाफ मैच से पहले शुक्रवार को एक और अभ्यास सत्र होना है।

# सूर्यवंशी फिर साबित हुए धुरंधर, रॉयल्स ने आरसीबी को छह विकेट से हराया

**गुवाहाटी :** भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे सूर्यवंशी ने एक बार फिर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सबको प्रभावित करते हुए राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल मुकाबले में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू पर छह विकेट की आसान जीत दिला दी। महज 15 वर्ष के इस युवा बल्लेबाज ने 26 गेंदों में 78 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल रहे। उनकी इस पारी की बदौलत रॉयल्स ने 202 रन के लक्ष्य को दो ओवर शेष रहते हासिल कर लिया। सूर्यवंशी ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर अपनाए और आरसीबी के अनुभवी गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। उन्होंने जोश हेजलवुड की गेंदों पर लगातार तीन चौके जड़ते हुए अपनी मंशा साफ कर दी। उनकी बल्लेबाजी का अंदाज ऐसा था कि मैदान के चारों ओर शॉट्स की बरसात होती रही।



उनका स्ट्राइक रेट 300 के करीब रहा, जो उनकी आक्रामकता को दर्शाता है। दूसरी ओर, ध्रुव जुरेल ने भी शानदार भूमिका निभाते हुए 43 गेंदों में नाबाद 81 रन बनाए और टीम को जीत तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। सूर्यवंशी और जुरेल के बीच दूसरे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी हुई, जिसने मैच का रुख पूरी तरह से रॉयल्स के पक्ष में मोड़ दिया। इससे पहले आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 201 रन बनाए थे। कप्तान रजत पाटीदार ने 40 गेंदों में 63 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि विराट कोहली ने 32 रन का योगदान दिया। हालांकि टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही, जिससे बड़ा स्कोर बनाने में मुश्किल आई। राजस्थान के गेंदबाजों ने शुरुआती झटके देकर आरसीबी को दबाव में ला दिया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने संयम और आक्रामकता का संतुलन दिखाया और एकतरफा अंदाज में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## विश्वनाथ को स्वर्ण, भारत ने एशियाई मुक्केबाजी अभियान का समापन पांच स्वर्ण पदक के साथ किया

**उलानबटोर (मंगोलिया):** भारत ने शुक्रवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने यादगार अभियान का समापन पुरुषों के 50 किलोग्राम वर्ग में विश्वनाथ सुरेश के स्वर्ण पदक के साथ किया। विश्वनाथ ने फाइनल में दबदबा बनाते हुए जापान के दाइची इवाई को 5-0 से शिकस्त दी। सचिन (60 किलोग्राम) ने कड़े मुकाबले में रजत पदक जीतकर पदकों की संख्या में इजाफा किया जिससे पुरुषों की टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। भारत पदक तालिका में पांच स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर रह। कजाकिस्तान ने भारत से एक स्वर्ण पदक ज्यादा जीता और तालिका में शीर्ष पर रहा। हालांकि कुल मिलाकर सबसे अधिक (16) पदक भारत ने ही जीते। इस प्रदर्शन की सबसे बड़ी खासियत भारतीय महिला टीम का



ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा जिसमें उन्होंने 10 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इन 10 पदकों में चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल थे जो महाद्वीपीय स्तर पर उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक है। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्वनाथ ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया जो मुक्केबाजी की दुनिया में उनकी तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और सफलता का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विश्वनाथ ने अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी एक मजबूत पहचान बना ली है। उलानबटोर में उनका अभियान विशेष रूप से प्रभावशाली रहा जिसमें फाइनल तक पहुंचने के क्रम में उन्होंने दुनिया के नंबर एक मुक्केबाज को हराकर उलटफेर किया। टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''भारतीय मुक्केबाजी और हमारी महिला मुक्केबाजों के लिए यह एक असाधारण अभियान रहा है। हमारी महिलाओं ने चार स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। हमारी पुरुष टीम का प्रदर्शन भी एक बार फिर प्रभावशाली रहा, विशेष रूप से युवा विश्वनाथ का जिन्होंने स्वर्ण पदक जीता।

### सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब किंग्स

**मुल्लांपुर:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अच्छी लय में दिख रही पंजाब किंग्स की टीम शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी। श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब ने अब तक संतुलित प्रदर्शन किया है और टीम का आत्मविश्वास भी ऊंचा है। पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण अंक साझा करने से पंजाब संतुष्ट नहीं होगा, क्योंकि उसने मुकाबले में मजबूत शुरुआत की थी। इससे पहले टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बड़े लक्ष्य का सफल पीछा किया था और गुजरात टाइटन्स को भी हराया था। प्रभसिमरन सिंह, कूपर कोनोली और अन्य बल्लेबाजों ने टीम के सामूहिक दृष्टिकोण को मजबूत किया है, जबकि गेंदबाजी में भी संतुलन नजर आया है।

## मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का अंत करने का सपना



**कोलकाता:** युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी का बचपन से ही सपना था कि वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का समापन करें और गुरुवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तीन विकेट से जीत दिलाकर उन्होंने अपना यह सपना पूरा कर दिया। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने 27 गेंद पर नाबाद 54 रन बनाए जिसमें दो चौके और सात छक्के शामिल हैं। मुकुल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, 'मैं यह पारी अपने पिता को समर्पित करता हूं। शादी से पहले से ही उनका सपना था कि उनका बेटा क्रिकेटर बने। मैं एमएस (धोनी) सर को भी देखता रहा हूं कि किस तरह से वह पारी समाप्त करते हैं। मैं भी उसी नंबर पर खेलता हूं, इसलिए मैं यह पारी उन्हें भी समर्पित करता हूं।'

## कैफ ने पंत के बारे में कहा, आप जिम्मेदारी नहीं लेंगे तो मैच जीतने में मदद नहीं कर सकते



**नयी दिल्ली:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत की आलोचना करते हुए कहा कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपनी खेल की समझ में सुधार करना होगा और लगातार अच्छे परिणाम के लिए अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। एलएसजी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच में तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। पंत इस मैच में केवल 10 रन बना पाए थे और उनके शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज भी नहीं चल पाए थे। मुकुल चौधरी के नाबाद 54 रन की मदद से एलएसजी ने यह मैच जीता था। पंत के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है और कैफ ने इसी संदर्भ में उनकी आलोचना की। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, 'टीम को जरूरत थी कि वह अंत तक क्रीज पर टिके रहें। वह अनुभवी खिलाड़ी हैं, जो 2016 से आईपीएल में खेल रहे हैं। जब वह बल्लेबाजी करने आए तो स्थिति मुश्किल नहीं थी। एलए-सजी ने पहले पांच ओवरों में ही 41 रन बना लिए थे। किसी एक बल्लेबाज को जिम्मेदारी लेनी थी और अंत तक बल्लेबाजी करनी थी। यह भूमिका पंत को निभानी चाहिए थी।'

## जिम्बाब्वे की महिला टीम पहली बार पाकिस्तान दौरे पर जायेगी

**कराची:** जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट टीम कराची में छह मैचों की सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलने के लिए पहली बार पाकिस्तान के दौरे पर आएगी। जिम्बाब्वे की टीम इस दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगी। इसमें वनडे मैच आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2025-2029 का हिस्सा होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि सभी मैच तीन से 15 मई के बीच कराची के नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। मेहमान टीम 29 अप्रैल को कराची पहुंचेगी।



## बैंकों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी, सेंसेक्स 919 अंक चढ़ा

**मुंबई:** वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बैंकों में तगड़ी खरीदारी आने से बढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 918.60 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 275.50 अंक की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट नरम पड़ने की संभावना, अमेरिका-ईरान वार्ता की उम्मीदें और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 918.60 अंक यानी 1.20 प्रतिशत चढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 990.85 अंक उछलकर 77,622.50 के स्तर तक चला गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत बढ़कर 24,050.60 अंक पर पहुंच गया।सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा, इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 4,230.7 अंक यानी 5.77 प्रतिशत की छलांग लगाई जबकि एनएसई निफ्टी में 1,337.5 अंक यानी 5.88 प्रतिशत की बढ़त रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद से तेल की कीमतें नरम हुईं, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 32 पैसे टूटकर 92.83 पर बंद

**मुंबई :**अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले शुरुआत बढ़त को गंवाते हुए 32 पैसे टूटकर 92.83 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े जोखिमों सहित वैश्विक तनाव के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितता के बीच रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के लिए प्रत्येक दिन के लिए 'नेट ओपन पोजिशन' (कुल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों और देनदारियों का अंतर) 10 करोड़ डॉलर तक सीमित करने के निर्देश की समय-सीमा शुक्रवार को खत्म हो गई, जिसके कारण रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.58 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.41 के ऊपरी स्तर को छूने के बाद अंत में 92.83 पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 32 पैसे की गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को तीन पैसे की मामूली बढ़त के साथ 92.51 पर बंद हुआ था। आईएफए ग्लोबल ने एक शोध पत्र में कहा, अमेरिका-ईरान युद्धविराम की स्थिति अभी साफ नहीं है। हालात किस दिशा में जाएंगे, इसे लेकर काफी अनिश्चितता बनी हुई है। होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से अब भी बंद है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर पर पहुंचाः आरबीआई

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इससे एक सप्ताह पहले 27 मार्च को समाप्त अवधि में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर रह गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी, 2026 को समाप्त सप्ताह में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद पश्चिम एशिया संकट के कारण इस भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट देखी जा रही थी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी देने से पहले शत प्रतिशत भूमि अधिग्रहण हो: गडकरी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी नए राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना को मंजूरी देने से पहले उसके लिए शत प्रतिशत भूमि अधिग्रहण होना चाहिए क्योंकि ऐसा न होने पर यह सड़क निर्माण में एक बड़ी बाधा बनता है। 'विकसित भारत 2047' पर आयोजित 17वें सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि राजमार्ग मंत्रालय के पास 15 लाख करोड़ रुपये मूल्य की राजमार्ग परिसंपत्तियां हैं जिनका मौद्रीकरण किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'भूमि अधिग्रहण, वन एवं पर्यावरण मंजूरी राजमार्ग परियोजनाओं के समक्ष पेश होने वाली बड़ी समस्याएं हैं। हमने यह अनिवार्य किया था कि 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बिना कोई नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना शुरू नहीं होगी। अब



मेरा मानना है कि 100 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बिना नई परियोजनाओं के लिए 'अपॉइंटेड डेट' नहीं दी जानी चाहिए।' 'अपॉइंटेड डेट' राजमार्ग परियोजनाओं के लिए औपचारिक शुरुआत की तारीख होती है जो यह संकेत देती है कि निर्माण शुरू करने के लिए भूमि अधिग्रहण एवं आवश्यक मंजूरियां पूर्णत: पूरी हो चुकी हैं। गडकरी ने एकबार फिर दोहराया कि राजमार्ग निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने वाले सलाहकार ही सड़कों की खराब हालात के असली जिम्मेदार हैं। मंत्री ने सुझाव दिया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सेवानिवृत्त अधिकारी अपने अनुभव का इस्तेमाल कर डीपीआर तैयार करने के लिए कंपनियां शुरू कर सकते हैं। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीप-ीआर) किसी सड़क निर्माण परियोजना की विस्तृत रूपरेखा होती है जिसमें उसके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तकनीकी, वित्तीय और लॉजिस्टिक विवरण शामिल होते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निर्माण उद्योग में काफी संभावनाएं हैं और इसे गुणवत्ता से समझौता किए बिना निर्माण लागत कम करने की दिशा में काम करना चाहिए।

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में मार्च में निवेश 56 प्रतिशत बढ़कर 40,450 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली:** शेयर आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में मार्च में शुद्ध निवेश 56 प्रतिशत बढ़कर 40,450 करोड़ रुपये हो गया। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशकों का भरोसा बरकरार रहने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश बढ़ा है। जुलाई 2025 के बाद यह सबसे अधिक मासिक शुद्ध प्रवाह है तब इक्विटी म्यूचुअल फंड को 42,702 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश प्राप्त हुआ था। यह वृद्धि मुख्य रूप से फ्लेक्सी कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप फंड में मजबूत निवेश के कारण हुई जिनकी कुल शुद्ध निवेश में बड़ी हिस्सेदारी रही। 'एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया' (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये मासिक निवेश बढ़कर 32,087 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले महीने 29,845 करोड़ रुपये था। आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में 25,978 करोड़ रुपये के मुकाबले मार्च में इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश बढ़कर 40,450 करोड़ रुपये हो गया।

## एडीबी ने 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत किया

**नयी दिल्ली:** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तपोषण परिस्थितियों और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क के समर्थन से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के 6.9 प्रतिशत रहने का शुक्रवार को अनुमान लगाया। वहीं अगले वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना है। 'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में एडीबी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे कई माध्यमों के जरिये भारत के व्यापक आर्थिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इनमें ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, व्यापार प्रवाह में बाधा एवं धन प्रेषण (रेमिटेंस) में कमी शामिल हैं क्योंकि यह क्षेत्र भारत के बाहरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। एडीबी ने अनुमान जताया कि खाद्य कीमतों में पहले आई गिरावट के बाद उछाल, वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि, मुद्रा की कमजोरी और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.1 प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में




4.5 प्रतिशत हो सकती है। अगले वित्त वर्ष 2027-28 में तेल कीमतों में नरमी के कारण यह घटकर चार प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था के गत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो 2024-25 के 7.1 प्रतिशत से अधिक है। इस वृद्धि की मुख्य वजह आयकर और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती, खाद्य कीमतों में गिरावट से मजबूत घरेलू खपत और स्थिर सार्वजनिक निवेश का माना जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, 'वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक माहौल के बिगड़ने के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत पर मजबूत बनी रहने का अनुमान है। यह गतिविधि मजबूत घरेलू मांग से संचालित होगी, जिसे आसान वित्तपोषण परिस्थितियों एवं और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क से समर्थन मिलेगा।'' एडीबी ने कहा कि 2027-28 में वृद्धि दर बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो सकती है जिसे घरेलू सुधारों, यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौतों के प्रभाव और सरकारी वेतन वृद्धि से समर्थन मिलेगा।

## न्यूज अपडेट

### चांदी 3,800 रुपये मजबूत, सोना 400 रुपये चढ़ा

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 3,800 रुपये बढ़कर 2.47 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता और डॉलर में कमजोर रुख के बीच सर्राफा कीमतों में तेजी देखी गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 3,800 रुपये यानी 1.6 प्रतिशत बढ़कर 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को इसमें गिरावट आई थी और यह 2,43,200 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 400 रुपये बढ़कर 1,55,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 1,54,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे गिरकर 92.68 पर बंद

**मुंबई:** रुपये ने शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरुआत बढ़त खो दी और 17 पैसे टूटकर 92.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े जोखिमों सहित वैश्विक तनाव के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितता के बीच आरबीआई द्वारा बैंकों के लिए प्रत्येक दिन के लिए 'नेट ओपन पोजिशन' (कुल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों और देनदारियों का अंतर) 10 करोड़ डॉलर तक सीमित करने के निर्देश की समय-सीमा शुक्रवार को खत्म हो गई, जिसके कारण रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.58 पर खुला और कारोबार के दौरान 92.41 के ऊपरी स्तर और 92.76 के निचले स्तर को छूने के बाद 92.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### पश्चिम एशिया में तनाव के बीच कतर ने भारत को भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्ति का भरोसा दिया

**नयी दिल्ली:** कतर ने भारत के लिए एक भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बने रहने का अपना संकल्प दोहराया है। कतर के ऊर्जा मंत्री साद शेरिदा अल-काबी ने दोहा में भारतीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया। इस दौरान दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया। भारत सरकार ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि हरदीप सिंह पुरी 9-10 अप्रैल तक कतर की दो दिवसीय यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने इस क्षेत्र में संघर्ष शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से एकजुटता का संदेश कतर के नेतृत्व तक पहुंचाया। दोनों पक्षों ने आठ अप्रैल को घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम का स्वागत किया और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में आ रहे व्यवधानों को जल्द खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। बयान में कहा गया कि उन्होंने आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए निर्बाध नौवहन के महत्व पर भी बल दिया।

### औद्योगिक क्षेत्रों के लिए थोक एलपीजी आवंटन बढ़ाया

**खड़गपुर:** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने औद्योगिक उपयोग के लिए एलपीजी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु थोक आवंटन का विस्तार किया है। मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, पॉलिमर, कृषि, पैकेजिंग, स्टील, सिरेमिक, ग्लास सहित विभिन्न क्षेत्रों की इकाइयों को मार्च 2026 से पहले की उनकी औसत खपत का 70 प्रतिशत एलपीजी उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि पूरे क्षेत्र के लिए प्रतिदिन 0.2 टीएमटी की सीमा लागू रहेगी। अतिरिक्त 10 प्रतिशत आवंटन को पाइप्ड नेचुरल गैस लक्ष्यों से जोड़ा गया है। जिन उद्योगों में एलपीजी अनिवार्य है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी और पीएनजी कनेक्टिविटी की शर्त से छूट दी गई है। पश्चिम एशिया में तनाव के चलते आयात घटने के बावजूद सरकार ने घरेलू कीमतों में स्थिरता बनाए रखने पर जोर दिया है। फरवरी में 2.04 मिलियन टन से मार्च में आयात घटकर 1.12 मिलियन टन रह गया।

**वर्ष 11, पूर्णांक 3559 अंक 025 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in